तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 11.8 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, रविवार 14 दिसंबर 2025




शिवघाट सरकंडा में हाईकोर्ट के आदेश पर दिलाया गया जमीन का कब्जा



### रेलवे बोर्ड के सचिव को लिखा पत्र, दिया बच्चे की पढ़ाई का हवाला

# नए डीआरएम ने बिलासपुर डिवीजन का पदभार लेने से किया इनकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वेस्टर्न रेलवे मुम्बई के चीफ सिग्नल इंजीनियर उमेश कुमार ने बिलासपुर रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक का पदभार लेने से मना कर दिया है। इसके लिए उन्होंने रेलवे बोर्ड के सचिव को पत्र लिखकर बच्चे की पढ़ाई के अलावा अन्य परेशानियों का जिक्र करते हुए कहा है कि वे उसकी वजह से बिलासपुर नहीं आना चाहते हैं।

पिछले तीन दिन के अंतराल में बिलासपुर रेल मंडल में तीन से चार अफसरों का तबादला किया गया है। इसमें सबसे मुख्य बिलासपुर रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल थे, जिन्होंने 11 माह पहले ही एसईसीआर के बिलासपुर के नए डीआरएम का पदभार ग्रहण किया था। रेलवे बोर्ड की गाइड लाइन के अनुसार राजमल खोईवाल का कार्यकाल दो साल का था, लेकिन बोर्ड ने अचानक आर्डर जारी करते हुए उनका तबादला कर दिया। उनके स्थान पर डीआरएम का पोस्ट वेस्टर्न रेलवे मुम्बई के चीफ सिग्नल इंजीनियर उमेश कुमार को दिया गया था। राजमल खोईवाल के स्थान पर अब आईआरएसएसई और वेस्टर्न रेलवे मुम्बई के चीफ सिग्नल इंजीनियर उमेश कुमार बिलासपुर रेल मंडल के नए मंडल रेल प्रबंधक बनाए गए थे। दो दिन पहले निकाले गए नए आर्डर के बाद शनिवार की शाम को एक नया आर्डर बिलासपुर जोन और डिवीजन को मिला, जो बिलासपुर डिवीजन के नए डीआरएम का पदभार ग्रहण करने वाले उमेश कुमार का था। उमेश कुमार ने रेलवे बोर्ड के सचिव को एक पत्र लिखकर बिलासपुर रेल मंडल के डीआरएम का पद लेने से इनकार कर दिया। उन्होंने पत्र में लिखा है कि वे अपने पुत्र की शिक्षा के कारण बिलासपुर डिवीजन के डीआरएम के पद पर स्थानांतरण आदेश का पालन करने में असमर्थ हैं, क्योंकि उनका पुत्र वर्तमान में कक्षा 10वीं के मध्य सत्र में है और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है। इस समय परिवार को स्थानांतरित करने में उसकी पढ़ाई बाधित होगी। इसके अलावा उनकी पत्नी भी नौकरी में हैं। उन्होंने अनुरोध किया है कि संदर्भित आदेश को रद्द कर उन्हें शैक्षिक व व्यक्तिगत उद्देश्यों के लिए पश्चिम रेलवे में कार्यरत रहने की अनुमति दी जाए।



### खोईवाल बने रहेंगे डीआरएम

पश्चिम रेलवे मुम्बई के चीफ सिग्नल इंजीनियर उमेश कुमार का बिलासपुर रेल मंडल के नए डीआरएम का पद नहीं लेने का पत्र रेलवे बोर्ड सचिव को देने के बाद जोन व डिवीजन के अफसरों में हड़कंप मचा हुआ है। सचिव को दिए गए पत्र के उपरांत अभी कोई भी नया निर्णय और नए डीआरएम का कोई नया आदेश बोर्ड की ओर से जारी नहीं किया गया है। जब तक नया आदेश जारी नहीं कर दिया जाता है, तब कि बिलासपुर रेल मंडल के डीआरएम राजमल खोईवाल बने रहेंगे।

## खबर संक्षेप

### आरक्षक चयन परीक्षा के लिए हेल्प डेस्क स्थापित

**बिलासपुर।** जिला पुलिस बल आरक्षक संवर्ग चयन परीक्षा वर्ष 2023-24 अंतर्गत किसी भी समस्या एवं दुविधा के निदान के लिए उप पुलिस अधीक्षक मंजुलता केरकेट्टा रक्षित केन्द्र बिलासपुर के नेतृत्व में हेल्प डेस्क का गठन किया गया है। आवेदक समस्याओं के संबंध में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सवेरे 10.30 बजे से 12.30 बजे तक निराकरण के लिए संपर्क कर सकते हैं।

### बच्चों को पिलाया जाएगा पोलियो ड्रॉप 21 को

**बिलासपुर।** जिले में 21 दिसंबर को आयोजित होने वाले पल्स पोलियो अभियान के तहत 5 वर्ष तक के 2 लाख 78 हजार 149 बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाया जाएगा। जिले में 1490 बूथ बनाए गए हैं, जहां टीमें सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक बच्चों का टीकाकरण करेंगी। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने संबंधित अफसरों को जिम्मेदारी सौंपी है।

# जालसाजों के चंगुल में फंसने पर युवक ने ट्रेन से कटकर की थी आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आनलाइन ठगी करने वाले जालसाजों के चंगुल में फंस जाने पर एक युवक ने सुसाइड नोट लिखकर ट्रेन से कटकर खुदकुशी कर ली थी। पुलिस ने दो साल बाद मामले में अपराध कायम किया है।

सकरी टीआई विजय चौधरी ने बताया, मुंगेली जरहागांव निवासी कामेश्वर निर्मलकर 22 साल ने 18 जुलाई 2023 को उसलापुर घुटकू के बीच ट्रेन से कटकर खुदकुशी कर ली थी। पुलिस को उसके पास सुसाइड नोट मिला था, जिसमें उसने लिखा था उसके नाम से इंडियन बैंक का एक एटीएम कार्ड आया, जब कि वह कभी इंडियन बैंक गया नहीं था। उसने एटीएम कार्ड की जानकारी अपने पिता व दोस्तों को दी। उन्होंने एटीएम में दिए गए मोबाइल नम्बर में संपर्क किया तो फोन धारक ने कहा बैंक से बोल रहा है। उसके बाद उनके वाट्सएप में हैलो बोलकर मैसेज आया फिर काल आया और बोला गया आपको मेरी मैडम को प्रेग्नेंट करना है, आप जितना पैसा मांगोगे मैडम आपको उतना पैसा देंगी, मेरे को भी कुछ पैसा दे देना। डबल फायदा देखते हुए मृतक तत्काल राजी हो गया। उसके बाद उसे पैसा ट्रांसफर करने की बात कहते हुए मोबाइल नम्बर भेजकर उस नम्बर से बैंक खाता खुलवाने कहा। उसने उक्त मोबाइल नम्बर देकर इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक में खाता खुलवा लिया, फिर खाते की फोटो खींचकर उक्त मोबाइल नम्बर धारक को भेज दिया। उसके बाद मोबाइलधारक ने उक्त बैंक अकाउंट में पैसा ट्रांसफर नहीं हो रहा है कहकर पंजाब नेशनल बैंक, केनरा बैंक में खाता खुलवा दिया। उक्त बैंक की पूरी जानकारी उन्होंने उक्त मोबाइलधारक को दी। उसके बाद उसके तीनों बैंक खाते में आनलाइन ठगी की मोटी रकम का अदान प्रदान होने लगा। तीनों बैंक से उसके पास फोन आने लगे कि उसके बैंक खाते में लगातार मोटी रकम अदान प्रदान हो रहा है। उसे समझ में आ गया कि आनलाइन ठगी करने वाले जालसाज उसे झांसा देकर बैंक एकाउंट खोलवाकर ठगी रकम का अदान प्रदान कर रहे हैं। पुलिस प्रकरण में फंसने के डर से मृतक ने मुंगेली एसपी कार्यालय में उक्त घटना की लिखित शिकायत की थी। उसके बाद उसने बिलासपुर आकर ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली थी। दो साल जांच के बाद पुलिस ने अज्ञात मोबाइलधारक के खिलाफ धारा 306, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।



### दो साल बाद जुर्म दर्ज

- ठगों के चंगुल में फंसकर खुलवाया था बैंक एकाउंट
- बैंक खातों से होने लगा था ठगी की रकम का लेनदेन

# जिला स्तरीय युवा महोत्सव कल से, नृत्य, गीत, नाटक और कला की होगी प्रस्तुतियाँ

**बिलासपुर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा दो दिवसीय जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 15 एवं 16 दिसम्बर को राज्य खेल प्रशिक्षण केंद्र बहतराई में किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रतिभागी 15 दिसम्बर को सुबह 10 बजे से लोक नृत्य, पंथी, राउत नाचा, सुआ, करमा नृत्य जैसी विधाओं में अपनी प्रस्तुति देंगे। 15 दिसम्बर को साईंस मेला, कहानी, कविता लेखन एवं 16 दिसम्बर को एकांकी नाटक, पारंपरिक वेशभूषा, लोकगीत, रॉकबैण्ड, वाद-विवाद, चित्रकला जैसी विभिन्न प्रतियोगिता होगी। युवा उत्सव में 15 से 29 वर्ष तक के प्रतिभागी एवं 18 से 40 वर्ष तक संगतकार भाग ले सकते है। विजेता प्रतिभागी एवं दलों को राज्य स्तरीय युवा उत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। एक प्रतिभागी केवल एक ही विधा में भाग ले सकेगा। जिला स्तर पर विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार राशि दी जाएगी।

हरिभूमि

## जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 741.ऋतू ठाकुर पिता\पति विजय सिंग ठाकुर पता- ब्रम्हदेव कॉलोनी भाठा गाँव, 742. ओमप्रकाश देवांगन पिता\पति शरद कुमार देवांगन पता- दुबे कॉलोनी मोवा रायपुर, 743. पूरण दास टंडन पिता\पति स्व. शिव दास टंडन पता- रामेश्वर नगर भनपुरी वार्ड न.-04 रायपुर, 744. हेमंत वर्मा पिता\पति बी.आर.वर्मा पता– रायपुर, 745. नूतनलता पिता\पति स्व. लखन लाल पता- सिद्धार्थ चौक टिकरापारा, 746. संतोष धीवर पिता\पति श्री पालू राम धीवर पता- ग्राम व पोस्ट सारागांव, 747. अंजना यादव पिता\पति जगत राम यादव पता- संजय नगर रायपुर, 748. आरती धीवर पिता\पति नारायण धीवर पता- मठपारा रायपुर, 749. मुकेश कुमार बैस पिता\पति राजेंद्र कुमार बैस पता- भाटागांव रिंग रोड रायपुर, 750. डी.डी. मेश्राम पिता\पति किशन मेश्राम पता- डॉ. राजेंद्र नगर रायपुर, 751. गौतम लाल साहू पिता\पति दरबारी राम साहू पता- परसवानी मगरलोड, 752. भोजेंद्र कुमार साहू पिता\पति स्व. जयसिंह साहू पता- नयापारा गोपुलपुर वार्ड धमतरी, 753. तोषण कुमार साहू पिता\पति चुम्मन लाल साहू पता- कातलबोड कोकड़ी, 754. यशोदा पाल पिता\पति पूरण पाल पता- करेली बड़ी, 755. हेमपुष्पा साहू पिता\पति गोपीचंद साहू पता- मुड़ पार सुरगी राजनादगांव, 756. रमेश रामटेके पिता\पति स्व. रामा रामटेके पता- डोंगरगढ़ गाँव, 757. लखन लाल अहीर पिता\पति स्व. अमरसिंह अहीर पता- डोंगरगढ़ गाँव, 758. शम्भू नाग पिता\पति सुखदेव नाग पता- जगदलपुर, 759. हुमैरा कुरैशी पिता\पति जाकिर कुरैशी पता- पिथौरा, 760. दिलशान खान पिता\पति असगर खान पता- गुप्ता पारा वार्ड न.14, 761. वासुदेव वर्मा पिता\पति विश्राम वर्मा पता- धाराशिव लवन, 762. ईशांत देवांगन पिता\पति स्व. रघु राम देवांगन पता-सरगीपाल कोंडागांव, 763. अंजू पाण्डेय पिता\पति अश्वनी पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 764. N.K. दुबे पिता\पति श्री G.L दुबे पता-ईतवारी MP (BHILAI), शोभना यादव पिता\पति एम.पी. यादव पता-न्यू बोरसी दुर्ग, 765. महेंद्र देशमुख पिता\पति पवन कुमार देशमुख पता- गंज पारा दुर्ग, 766. पूर्णिमा चौहान पिता\पति घनश्याम चौहान पता- सुपेला भिलाई दुर्ग, 767. ख़ुशी साहू पिता\पति उपेन्द्र कुमार साहू पता- कुरूद, 768. भोज कुमार पिता\पति श्री आत्माराम पता- EWS -700 आदित्य नगर, 769. जय शोभा शोंड़े पिता\पति स्व. श्री श्रवण कुमार पता- भिलाई नगर सेक्टर-06, 770. सोनल निर्मलकर पिता\पति धन्नू लाल निर्मलकर पता- मैथिल पारा वार्ड न.-32 दुर्ग, 771. सुमन यादव पिता\पति कृष्णा यादव पता-नेहरु नगर उतई वार्ड क्र.09, 772. प्रिया सोनी पिता\पति नीलेश सोनी पता- वार्ड न.-19 बेमेतरा, **बिलासपुर संस्करण–** 773. राजेश शर्मा पिता /पति ईश्वर प्रसाद शर्मा पता- भटगांव बालको, 774. मनीष कुमार साहू पिता/पति गोपाल साहू पता- डोड़की बालको, 775. अनूप प्रकाश पिता/पति स्व. मसीह प्रकाश पता- कोरबा, 776. पूर्वा श्रीवास पिता/पति ईश्वर कुमार श्रीवास पता- भैरव ताल कोरबा, 777. रीतिका सोनी पिता /पति विक्की सोनी पता- मिशन रोड कोरबा, 778. बजरंग अग्रवाल पिता/पति आर.एन. अग्रवाल पता- टी.पी. नगर कोरबा, 779. नम्रता गान साहू पिता/पति घनश्याम साहू पता- पुलिस लाइन बालकों, 780. भुवन सिंह बिझवार पिता/पति स्व. मनहरण सिंह पता- मड़वारानी, 781. मनीषा वैष्णव पिता/पति मनहरण वैष्णव पता - सियाही मुड़ी, 782. अंकिता वैष्णव पिता/पति प्रमोद वैष्णव पता- सियाही मुड़ी, 783. रामायण सिंह पिता/पति उखाजी पता- मिशन रोड रामसागर पारा, 784. राहुल साहू पिता/पति राजेश्वर कुमार साहू पता- रामपुर कोरबा, 785. राजेन्द्र विश्वकर्मा पिता/पति परदेसी विश्वकर्मा पता- मानस नगर, 786. श्रुति पटेल पिता/पति श्री शिव कुमार पटेल पता- दरी कैलास नगर, 787. तरुण पिता /पति रेशम लाल पता- गेवरा घाट कोरबा, 788. दिलीप यादव पिता/पति पुनराम यादव पता- कोरबा, 789. सुनील दास कुलदीप पिता/ पति सुकृत दास कुलदीप पता- सियाही मुडी दर्रि कोरबा, 790. दशरथ शर्मा पिता/पति आर.एस. शर्मा पता- शांति नगर बालको, 791. संजय गजभईये पिता/पति टी.डी.गजभईये पता – बालको, 792. संतोषी श्रीवास पिता/पति सनत श्रीवास पता- रामशान रोड नेहरू नगर बालको, 793. सिधारार्थ डहरे पिता/पति धीरज डहरे पता- परसाभाठा बालको, 794. खयाती कुमारी निषाद पिता/पति राकेश कुमार निषाद पता- मुड़ पारा कोरबा, 795. बलराम सारथी पिता/पति देव प्रसाद सारथी पता- नेहरू नगर बालको, **भोपाल संस्करण –** 796. ललित शर्मा पिता\पति जगदीश प्रसाद शर्मा पता- वार्ड नं 15 रविन्द्र नाथ टैगोर विदिशा रोड, 797. हीतांशु पिता\पति प्रेम नारायण साहु पता- मकान न.-73 वार्ड नं.-73 नियर दुर्गा मंदिर, 798. मानवी पिता\पति संतोष बौरासी पता- जनता नगर करोद, 799. अनिता सिंह पिता\पति लाल बहादुर सिंह पता- 108 त्रिवेणी नगर करोद, 800. सुमित कुशवाह पिता\पति नारायण सिंह कुशवाह पता- विदिशा, 801. राजकुमार जैन पिता\पति नरेन्द्र कुमार जैन पता- दुर्गा नगर विदिशा, 802. धुरव दांगी पिता\पति ब्रजेश दांगी पता- बंटी नगर विदिशा, 803. हरिराम विश्वकर्मा पिता\पति चिरोंजी लाल पता- शंकर नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 804. अभिषेक पिता\पति अजय पता- सिंगौड़ी, 805. वेदिका पिता\पति संदीप पता-सिंगौड़ी, 806. अर्पण साहू पिता\पति प्रतीक साहू पता- सिंगौड़ी, 807. पलक साहू पिता\पति कृष्ण लाल साहू पता- सिंगौड़ी, 808. नमामि राय पिता\पति विवेक राय पता- सिंगौड़ी, 809. अर्थव साहू पिता\पति प्रतीक साहू पता- सिंगौड़ी, 810. पूजा राय पिता\पति पुरुषोत्तम राय पता- सिंगौड़ी, 811. ललित हरिजन पिता\पति सुशील हरिजन पता- वार्ड नंबर 1 बिरसिंहपुर पाली उमरिया।

नियम एवं शर्तें लागू* **शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**

# क्रिकेट सट्टा खिलाते सटोरिया गिरफ्तार

**बिलासपुर।** एसीसीयू टीम ने भारत - साउथ आफ्रिका क्रिकेट मैच में आनलाइन सट्टा खिलाते सटोरिए को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं मुख्य खाईवाल के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई है।

11 दिसंबर को एसीसीयू टीम को सूचना मिली गोंड़पारा सांई मंदिर के पास एक व्यक्ति अपने दुकान में बैठकर भारत - साउथ आफिका क्रिकेट मैच में मोबाइल के माध्यम से आनलाइन क्रिकेट सट्टा खिला रहा है। प्रधान आरक्षक आतिश पारिख, मुकेश वर्मा, अविनाश कश्यप, अभिजीत डाहरे ने उक्त दुकान में दबिश देकर गोंड़पारा निवासी कृष्णा सोनी उर्फ कबरा पिता स्व. रंगलाल सोनी को मोबाइल में सट्टा खिलाते पकड़ लिया। उसके पास से एक मोबाइल व सट्टापट्टी का स्क्रीन शॉट जब्त किया गया है। टीम ने सटोरिए को कार्रवाई के लिए कोतवाली पुलिस को सौंप दिया। पुलिस 7 जुआ एक्ट के सटोरिए को गिरफ्तार कर खानापूर्ति कर ली गई है। जबकि एसएसपी ने मादक पदार्थ व जुआ, सट्टा पर एण्ड टू एण्ड कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है। किन्तु उक्त मामले में एण्ड टू एण्ड की कार्रवाई नहीं की गई है।



### पकड़ने के बाद खाईवाल को छोड़ा

सूत्रों के मुताबिक पकड़ा गया सटोरिया लंबे अरसे से कुदूदण्ड मिलन चौक के चर्चित क्रिकेट सट्टा खाईवाल के लिए कमिशन में क्रिकेट सट्टा खिलाता है। एसीसीयू टीम ने उक्त सटोरिए को पकड़ने के बाद खाईवाल को पकड़कर एसीसीयू कार्यालय लेकर गई। उसके बाद खाईवाल को कार्यालय से बिना कार्रवाई के छोड़ दिया गया है।

### जांच के बाद होगी कार्रवाई

क्रिकेट सट्टा खिलाते सटोरिया को पकड़ा गया है। उसके मोबाइल को जब्त किया गया है। साइबर सेल में मोबाइल की जांच कर खाईवाल पर कार्रवाई की जाएगी।

\- देवेश सिंह राठौर कोतवाली टीआई


सुमीत बाजार में आज पेपर कटिंग लाने पर




MRP. ₹ ~~999~~ से ₹ ~~1299~~ प्रति पीस वाले

प्रीमियम ब्रांडेड क्वालिटी

डिजिटल प्रिंट

मेन्स कुर्ता ₹333 में प्रति पीस

ऑफर आयटम स्टॉक रहने तक.... एक व्यक्ति के पास एक से अधिक कटिंग होने पर भी अधिकतम 2 पीस दिया जायेगा. पेपर कटिंग लाना अनिवार्य है.

राव ट्रेड सेंटर, सत्यम टॉकिज के पास, लिंक रोड, बिलासपुर

*condition apply

## खबर संक्षेप

### महर्षि यूनिवर्सिटी पहुंची विनियामक आयोग की टीम, एनएसयूआई ने मचाया हंगामा



बिलासपुर। महर्षि यूनिवर्सिटी में शनिवार को निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग की टीम निरीक्षण करने पहुंची थी। उसी समय एनएसयूआई कार्यकर्ता वहां पहुंच गए और उन्होंने यूनिवर्सिटी में अनियमितता का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा मचाया। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग की टीम के साथ मिलकर यूनिवर्सिटी के खिलाफ शिकायत की है। महर्षि यूनिवर्सिटी में आज निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग की टीम निरीक्षण करने पहुंची थी। निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग की टीम में अध्यक्ष प्रो. एमएसके खोखर सहित सदस्य प्रो. संतोष कुमार गुप्ता व डॉ.बीएल गोयल शामिल थे। उसी समय एनएसयूआई जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह के साथ एनएसयूआई कार्यकर्ता भी पहुंच गए और उन्होंने वहां यूनिवर्सिटी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग की टीम से मिलकर यूनिवर्सिटी के खिलाफ शिकायत की।

### सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति एवं क्रमोन्नति को लेकर सौंपा ज्ञापन



बिलासपुर। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष रविंद्र राठौर के मार्गदर्शन में सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करने एवं क्रमोन्नति की मांग को लेकर 10 दिसंबर से 15 दिसंबर तक विधायकों को ज्ञापन सौंपा जा रहा है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ब्लॉक बिल्हा एवं जिला बिलासपुर की संयुक्त टीम द्वारा बिल्हा विधायक, बिलासपुर विधायक एवं बेलतरा विधायक को ज्ञापन सौंपा गया। इसमें सहायक शिक्षकों की वर्षों से लंबित मांगों की ओर ध्यान आकृष्ट कराया गया। ज्ञापन में मोदी की गारंटी के अनुरूप शिक्षकों के साथ न्याय सुनिश्चित करने की मांग प्रमुखता से रखी गई। इस अवसर पर प्रांतीय सलाहकार रंजीत बैनर्जी, प्रांतीय सह मीडिया प्रभारी वीरेंद्र यादव, जिला अध्यक्ष सुनील पांडेय, कार्यकारी जिला अध्यक्ष विकास कायरवार, कार्यकारी जिला अध्यक्ष ममता सोनी, जिला सचिव पोलेश्वर यादव उपस्थित रहे। जिला टीम से तामेश्वर सनाढ्य, देवकुमार मरावी, इंद्रमन मरावी एवं अजीत कुजूर, मोतीलाल सेन, दिनेश दिवाकर, आशुतोष राजपूत, चंद्रशेखर नवरत्न, रवींद्र बागड़े, दिनेश बंजारे आदि मौजूद थे।

### श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्ष शशि दुहन ने किया उद्घाटन

# एसईसीएल में नारी शक्ति खेल महोत्सव शुरू



खेल महोत्सव कों संबोधित करतीं श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्ष शशि दुहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसईसीएल मुख्यालय में आज एसईसीएल नारी शक्ति खेल महोत्सव 2025 का भव्य शुभारंभ श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्ष शशि दुहन ने किया।

दो दिवसीय यह खेल महोत्सव 13 एवं 14 दिसंबर को वसंत विहार खेल मैदान बिलासपुर में आयोजित किया जा रहा है। उद्घाटन अवसर पर श्रीमती शशि दुहन ने ध्वजारोहण कर खेल महोत्सव का औपचारिक उद्घाटन किया एवं खेलों को आरंभ करने की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि कोल इंडिया लिमिटेड की किसी भी सहायक कंपनी में संभवतः पहली बार इस प्रकार का 'नारी शक्ति खेल महोत्सव' आयोजित किया जा रहा है, जो एसईसीएल की महिलाओं द्वारा स्थापित एक नई और प्रेरणादायी मिसाल है।उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ नहीं है, बल्कि एसईसीएल की नारी शक्ति के उत्साह, ऊर्जा और नेतृत्व का उत्सव है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि श्रद्धा महिला मंडल की उपाध्यक्ष अनीता फ्रैंकलिन, हसीना कुमार तथा विनिता जैन थीं। कार्यक्रम में सुजाता रानी ने स्वागत उद्बोधन दिया।

#### शशि ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया

खेल महोत्सव में प्रतिभोगियों को चार समूह में बांटा गया । पर्पल, ब्लू, ग्रीन एवं रेड । शशि दुहन ने स्वयं 'पिट्टू' खेल में भाग लेकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इस महोत्सव में दौड़, रिले दौड़, बैडमिंटन, खो-खो, शतरंज एवं टेबल टेनिस जैसे खेलों के साथ-साथ मटका रेस, जलेबी रेस, तीन टांग दौड़ एवं नींबू दौड़ जैसे मनोरंजक खेल भी शामिल किए गए हैं।

#### दो दिवसीय प्रतियोगिता का समापन आज

इन प्रतियोगिताओं का फाइनल आगामी दिनों में एसईसीएल हसदेव क्षेत्र में आयोजित किया जाएगा, जहाँ सभी क्षेत्रों की विजेता टीमें एक साथ भाग लेंगी। मुख्यालय के दो दिवसीय प्रतियोगिता का समापन समारोह 14 दिसंबर को आयोजित है, जहाँ सीएमडी हरीश दुहन व निदेशक मंडल अपने हाथों से विजेताओं को पुरस्कृत करेंगे ।

# विधायक सुशांत ने वार्ड 50 में दी विकास कार्य की सौगात



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश में विष्णुदेव साय की सरकार के 2 वर्ष पूरे होने पर वार्ड नंबर 50 के ओम विहार में 20 लाख रुपए की नवीन सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया।

- 20 लाख रुपए की नवीन सड़क निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

इस अवसर पर बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, विधायक प्रतिनिधि उमेश गौरहा, वार्ड पार्षद जय वाधवानी, मंडल अध्यक्ष हरिओम कश्यप, भाजपा पार्टी के कार्यकर्त्ता एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे। विधायक श्री शुक्ला ने कहा कि भाजपा सरकार ने अपने 2 वर्षों में विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं।

पार्षद जय वाधवानी ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने इस क्षेत्र को नगर निगम में सम्मिलित तो कर दिया, लेकिन विकास के लिए जनता को तरसा दिया था।

हमारी भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार ने सभी वार्डों को स्मार्ट बनाने का संकल्प लिया है। इसी तरह आगे भी विकास कार्य निरंतर जारी रहेगा। इस अवसर पर वार्डवासियों ने भाजपा सरकार का आभार व्यक्त किया।

# एलएचबी कोच से चलेगी बिलासपुर-रींवा एक्सप्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- पुराने और नए में सफर करने वाले यात्रियों को मिलेगी राहत
- अतिरिक्त बर्थ की भी सुविधा

रेलवे ने पुराने और नीले कोच से चलने वाली बिलासपुर-रींवा एक्सप्रेस को अब एलएचबी कोच से परिचालन करने का आदेश जारी कर दिया है, जिसमें सफर करने वाले यात्रियों को अतिरिक्त बर्थ की सुविधा के साथ राहत भी मिलेगी।

पिछले दो साल से रेल प्रशासन पुराने व नीले कोच से चल रही एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों के कोच को बदलकर एलएचबी कोच से परिचालन करना शुरु कर दिया है। एलएचबी कोच में



यात्रियों को अतिरिक्त बर्थ की सुविधा के साथ स्पेस भी अधिक मिल रहा है। इसके साथ ही एलएचबी कोच की बर्थ की लंबाई और चौड़ाई भी पुराने कोच की तुलना में अधिक है। वर्तमान में बिलासपुर से रींवा के बीच चलने वाली एक्सप्रेस का परिचालन पुराने कोच से किया जा रहा था। रेलवे यात्रियों को सुरक्षित आरामदायक एवं आधुनिक यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है। इसके तहत गाड़ियों के पुराने पारंपरिक कोच के स्थान पर नई तकनीक से निर्मित लिंक हॉफमैन बुश एलएचबी कोच लगाए जा रहे हैं, जो अधिक सुरक्षित, आरामदायक एवं उच्च गति के अनुरूप है। इसमें अब ट्रेन संख्या 18247/18248 बिलासपुर से रींवा और रींवा से बिलासपुर के बीच चलने वाली एक्सप्रेस में बिलासपुर से 15 जनवरी से और रींवा से 16 जनवरी से एलएचबी कोच लगाकर चलाने का आदेश दिया गया है।

एलएचबी कोच से चलने वाली बिलासपुर-रींवा एक्सप्रेस में करीब 109 अतिरिक्त बर्थ की सुविधा होगी, जिसमें एसी थ्री टियर में 16 बर्थ, जनरल सामान्य कोच में 45 बर्थ और स्लीपर कोच में अतिरिक्त 48 बर्थ वेटिंग यात्रियों को मिलने से आरामदायक सफर तय होगा।

### पंथ श्री हुजूर उदित मुनि का आगमन आज

बिलासपुर। साइंस कालेज मैदान में 14 दिसंबर को पंथ श्री हुजूर उदित मुनी नाम साहब का प्रथम आगमन हो रहा है। यह ऐतिहासिक क्षण समाज के लोगों के लिए बहुत ही गौरव का क्षण है। समाज के केडी वी मिशन ने बताया कि इस कार्यक्रम में पंथ श्री के दर्शन बंदगी, आर्शीवचन तथा सत्संग का दुर्लभ अवसर हम सभी भक्तों को प्राप्त होगा। कार्यक्रम सुबह 8 बजे से प्रारंभ होगा। इसमें गुरू महिमा पाठ होगा। सुबह 9 बजे भजन सत्संग, दोपहर 12 बजे पंथ श्री का आगमन, नगर में शोभायात्रा निकाली जाएगी। पंथ श्री का आर्शीवचन दर्शन भेंट बंदगी का कार्यक्रम होगा। आयोजन को लेकर समाज के लोगों में काफी उत्साह है। समिति के पदाधिकारियों ने समाज के लोगों से इस कार्यक्रम में भाग लेकर सत्संग का लाभ उठाने का अनुरोध किया है।



# स्वदेशी खादी महोत्सव में खरीदारी करने उमड़े लोग

बिलासपुर। स्थानीय सीएमडी कॉलेज मैदान में लगे स्वदेशी खादी महोत्सव में इन दिनों ग्राहकों की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिल रही है। प्रदर्शनी में आगामी त्यौहारों को देखते हुए अच्छे और किफायती वस्त्रों एवं घरेलू उपयोग की वस्तुओं का विशेष समावेश किया गया है।

प्रदर्शनी में 10 रुपए से लेकर 30 हजार तक की वस्तुओं का अपार संग्रह एक ही छत के नीचे शहर वासियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना है। उक्त प्रदर्शनी छत्तीसगढ़ खादी ग्रामोद्योग बोर्ड व इकाइयों के तत्वावधान में आयोजित की गई है। प्रदर्शनी में हर प्रकार के उपयोगी वस्तुओं का समावेश किया गया है। क्रिसमस और नववर्ष को देखते हुए प्रदर्शनी में 10 प्रतिशत से लेकर 20% तक की विशेष छूट का प्रावधान है।




#### बिजनेस प्लस

प्रदर्शनी में असम सिल्क साड़ी खादी कुर्ते, खादी बण्डी, जॉकेट,ऊलेन साल, ग्राहकों को अपनी तरफ आकर्षित कर रहा है । आगामी राष्ट्रीय त्यौहार 26 जनवरी को देखते हुए युवा पीढ़ी से लेकर हर वर्ग के लोगों में खादी के प्रति विशेष आकर्षण देखने को मिल रहा है। प्रदर्शनी का समय सुबह 11 बजे से लेकर के रात के 10 बजे तक है। क्रेडिट और डेबिट कार्ड की सुविधा है।

श्रीराम CARE हॉस्पिटल
नेहरू नगर, बिलासपुर 07752-455566, 9098100747
45 Super Deluxe Room, 60 Bedded ICU / Neonatal Advanced NICU
10 Bedded State of Art Dialysis / NCV/EEG / EMG Study
24x7
आयुष्मान कार्ड एवं ESIC से निःशुल्क इलाज
हार्ट अटैक में एंजयोप्लास्टी एवं पेसमेकर लगाने की सुविधा
डॉ. रूपेश श्रीवास्तव
डीएनबी कार्डियोलॉजी
आयुष्मान कार्ड में उपलब्ध
लकवा, पैरालिसिस एवं ब्रेन स्ट्रोक का इलाज
डॉ. नीलम साहू पुरी
डीआरएनबी न्यूरोलॉजी
डॉ. एमेन्द्र वाहने
डीएनबी, न्यूरो सर्जरी
कैंसर एवं कीमोथेरेपी की सुविधा
डॉ. सी.एस. रहालकर
डॉ. ऋचा अग्रवाल
रेडियो डाईग्नोसिस
डॉ. नितिन टहलियानी
डीएनबी, रेडियो डाईग्नोसिस
लिवर एवं गैस्ट्रो का संपूर्ण इलाज
एन्डोस्कोपी, कॉलोनोस्कोपी/ईआरसीपी की सुविधा
डॉ. प्रतीक छाबड़ा
डीआरएनबी (गैस्ट्रोइन्टेरोलॉजी)
अस्थि रोग एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
डॉ. शान्तनु गुप्ता
एमएस आर्थोपेडिक ज्वाइंट रिप्लेसमेंट विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग के संपूर्ण इलाज की सुविधा
डॉ. शोभिक चंद्रा
एमसीएच यूरोलॉजी
लेप्रोस्कोपी विभाग
डॉ. अमित सोनी
डॉ. बी.डी. तिवारी
डीएनबी सर्जरी, लेप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ. निताशा सोनी एमडी, मेडिसिन डायरेक्टर
डॉ. अस्मिता श्रीवास्तव एमडी मेडिसिन
डॉ. सुमीत्रा ओटवानी डीजीओ, गायनेकोलॉजी स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. प्रतीक अग्रवाल डीएनबी ईएनटी ईएनटी विशेषज्ञ
डॉ. अशोक कौशिक एनेस्थेसिया क्रीटिकल केयर स्पेशलिस्ट
डॉ. अभिषेक शर्मा एमडीएस डेंटल डेंटल केयर स्पेशलिस्ट
डॉ. श्रेया बोस चंद्रा एमडी (पैथोलाजी) (पैथोलाजीस्ट)
डॉ. शशांक सिंग डिप्लोमा पीडियाट्रिक्स शिशु रोग विशेषज्ञ
24x7 इमर्जेंसी | 60 बिस्तरों का आईसीयू | माड्यूलर ऑपरेशन थियेटर | 32 स्लाईस सिटी स्कैन | एडवांस्ड कैथ लेब | कैंसर सर्जरी
Central and State Govt. से अनुबंधित अस्पताल : Coal India (SECL, NCL, WCL)
SECR, FCI, GGU, SBI, CSEB, IRCON, ESIC, ESIS, TPA से कैशलेस इलाज की सुविधा

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, रविवार 14 दिसंबर 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




संगोष्ठी

## राष्ट्र धर्म का हो निष्ठा पूर्वक पालन : प्रो. वर्मा




**बिलासपुर।** शासकीय जेपी वर्मा स्नातकोत्तर कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में जनजाति गौरव एवं शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान दिवस पर लघु संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें मुख्य वक्ता प्रो. डॉ टोप लाल वर्मा समाजसेवी ने जीवन की आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ ही राष्ट्र धर्म का भी निष्ठा पूर्वक पालन करने का आह्वान छात्रों से किया। कार्यक्रम के आरंभ में भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ सतीश कुमार दुबे ने सर्वप्रथम कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। अध्यक्षीय भाषण में डॉ एस.एल. निराला ने वीर नारायण सिंह एवं गुरु तेग बहादुर के त्याग, बलिदान को नमन करते हुए बताया कि यदि हमारे हृदय में राष्ट्रभक्ति और ईमानदारी है तो हम भारत को पुनः वेद एवं पुराणों की सहायता से विश्व गुरु बना सकते हैं। अतिथि वक्ता श्री गणेश ने वीर शहीद वीर नारायण सिंह के जीवन वृत्त एवं स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान पर प्रकाश डाला और बताया कि वीर नारायण सिंह ने स्वतंत्रता की लड़ाई के लिए जनजाति समाज को योजना बद्ध ढंग से संगठित किया था। मुख्य वक्ता प्रो. डॉ टोप लाल वर्मा समाजसेवी ने शहीद वीर नारायण सिंह को भारत मां का महान सपूत बताते हुए उनके नेतृत्व क्षमता और संगठन प्रणाली को आधुनिक समय में आवश्यक बताया एवं सिखों के नवें गुरु गुरुतेग बहादुर के जन्म से लेकर उनकी शहादत तक की पूरी जीवन वृत्त की जानकारी दी। अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ तारणीश गौतम ने संतजी की बिल्ली कहानी के माध्यम से ईमानदारी पूर्वक जीने की कला से अवगत कराया। कार्यक्रम में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय बिलासपुर के प्राचार्य डॉ यूके श्रीवास्तव एवं प्रो. डॉ राजकुमार सचदेव भी उपस्थित थे।



देवकीनंदन दीक्षित सभागार में नृत्यधारा महोत्सव का आयोजन

## कलाकारों ने बिखेरी संगीत, नृत्य की छटा

**बिलासपुर।** देवकीनंदन दीक्षित सभागार में शनिवार को एसईसीएल व श्री साईनाथ फाउंडेशन के विशेष सहयोग से नृत्यधारा फाउंडेशन ने सांस्कृतिक-साहित्यिक नृत्यधारा महोत्सव का आयोजन किया। इसमें कलाकारों ने वाद्य यंत्रों की धुन के बीच संगीत, नृत्य की छटा बिखेरी।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कलाकारों ने पारंपरिक वेश में एक से बढ़ कर एक प्रस्तुति दी। नृत्य की विभिन्न शैलियों के तहत नृत्यधारा डांस अकादमी बिलासपुर के बच्चों ने कथक, प्रख्यात ओडीसी गुरु डॉ. गजेंद्र पंडा ने ओडीसी, नरिंदर पाल सिंह ने सुगम गायन, कला विकास केंद्र के बच्चों ने कथक एवं नायडू डांस अकादमी की प्रतिभागियों ने वेस्टर्न डांस की प्रस्तुति देकर माहौल को नृत्यमय व संगीतमय बना दिया। समारोह में बतौर मुख्यअतिथि एसईसीएल डायरेक्टर पर्सनल बिरंची दास, मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन, पूर्व राजभाषा आयोग अध्यक्ष विनय पाठक व पार्षद अंचल दुबे मंच पर आसीन रहे। यह जानकारी आंचल पाण्डेय एवं आशीष राज सिंघानिया ने दी।

### कविताओं ने किया मंत्रमुग्ध

कार्यक्रम के दौरान कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश के कई साहित्यिक प्रतिभाओं से शहरवासियों को रूबरू होने का मौका मिला। प्रेमिस शर्मा कवर्धा, रिकी बिंदास रायपुर, ईशान विद्युत रायपुर एवं निधि नीति रायगढ़ ने अपनी विविध शैलियों से लोगों को मंत्रमुग्ध किया।

## पूरी दुनिया को श्रेष्ठ संस्कृति, संस्कार देता है भारत



**हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति बिलासपुर द्वारा हिंदू सम्मेलन का आयोजन पारिजात कॉलोनी महाराष्ट्र मंडल परिसर में आयोजित किया गया। इसमें मुख्य वक्ता गणेश राम साहू ने कहा कि पूरी दुनिया को श्रेष्ठ संस्कृति व संस्कार भारत देता है।**

कार्यक्रम का शुभारंभ मंचस्थ मुख्य वक्ता गणेश राम साहू प्रचारक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, विशिष्ट अतिथि दिलीप दिवाकर पात्रीकर वरिष्ठ चित्रकार, नीलांबरी दवे समाज सेविका ने मां भारती की चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं सामूहिक आरती कर किया।

अतिथियों के स्वागत व परिचय पश्चात सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ कु. खुशी एवं साथियों ने किया। सरदार जसवंत सिंह एवं सरदार खुशवंत सिंह द्वारा प्रस्तुत शबद कीर्तन सम्मेलन की पहली प्रस्तुति रही। तदुपरांत तेजस्विनी छात्रावास की स्वयंसेवकों ने सामूहिक भजन, सेजेस तिफरा की छात्र-छात्राओं ने छत्तीसगढ़ी गीतों पर सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी। बालवृंद पारिजात कालोनी द्वारा देश भक्ति गीत पर समूह नृत्य, सुश्री नित्या खत्री द्वारा राजगीत-अरपा पैरी के धार... पर एकल नृत्य की प्रस्तुति दी। नाट्य मंचन भी किया गया।

### महाराष्ट्र मंडल परिसर में हिंदू सम्मेलन का आयोजन




व्यक्तिगत गीत आलोक भाकरे ने पेश किया। अंत में कलाकारों को पुरस्कृत किया गया। आयोजन का विधिवत समापन सुश्री समिधा करमबेलकर द्वारा प्रस्तुत वन्दे मातरम गीत के साथ से हुआ। कार्यक्रम का संचालन निलेश पिंपलापुरे एवं आभार प्रदर्शन गजानन वासुदेव फड़के ने किया। परिसर में जयश्री भाटिया ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के चित्रों की प्रदर्शनी लगाई थी।

### जीवन में गुरु का महत्वपूर्ण स्थान

अतिथि श्री पात्रीकर ने कहा कि जीवन में गुरु का महत्वपूर्ण स्थान है। प्रत्येक मनुष्य के भीतर ज्ञान विद्यमान होता है। जिसके ऊपर चढ़े अज्ञान रूपी आवरण को हटाने गुरु की आवश्यकता होती है।

**ये रहे मौजूद :** आयोजन में मोहन देवपुजारी, शिरीष पागे, डॉ विश्वनाथ कश्यप, भुवनेश्वर चंद्राकर, हिमा पागे, सुलभा थानेकर, संध्या शुक्ला, उषा वालिंबे, अंजली देशमुख, सहित पारिजात कॉलोनी, पारिजात एक्सटेंशन, पारिजात शीला, पत्रकार कॉलोनी, श्री राम विहार कॉलोनी, गणेश हाईट, ओम रेसीडेन्सी, गीतांजली इनक्लेव, पारिजात केसल, महिमा विहार, मगध नगर, अयोध्या नगर, देवेंद्र नगर, बाबजी पार्क, स्वर्ण जयंती नगर, अरिहंत हाईट के प्रबुद्धजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### संस्कार को बचाने करें काम

मुख्य वक्ता श्री साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि पूरी दुनिया को श्रेष्ठ संस्कार और संस्कृति यदि कोई देता है तो वह भारत है। हमारे पुरोधाओं ने इस संस्कृति और संस्कार को विकसित करने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। हम भी मिलकर अपनी इस संस्कृति और संस्कार को बचाने का कार्य जरूर करें।

### पारिवारिक बिखराव चिंता का विषय

मातृ शक्ति वक्ता के रूप में उपस्थित प्रो. दवे ने कहा कि वर्तमान समय में कुटुंब प्रबोधन की महती आवश्यकता है। एक समय था जब भारत की कुटुंब परंपरा पूरी दुनिया के लिए प्रेरणा का केंद्र थी, किंतु आज हमारा पारिवारिक बिखराव चिंता का विषय है। जिसे समय रहते समझना होगा।

आयोजन

## संयमित जीवन से विचार होते हैं श्रेष्ठ : मंजू दीदी





**बिलासपुर।** ब्रह्माकुमारीज़ शिव अनुराग भवन राजकिशोर नगर में आयोजित विशेष आध्यात्मिक सत्र में "आज्ञाकारिता, विनम्रता एवं बड़ों के सम्मान" जैसे जीवन-सिद्धांतों पर विस्तृत चर्चा हुई। इसमें बीके मंजू दीदी ने कहा कि संयमित जीवन से विचार श्रेष्ठ होते हैं। बीके मंजू दीदी ने कहा कि आज्ञाकारिता केवल अनुशासन का विषय नहीं बल्कि संस्कार, आदर और सामूहिक उन्नति का आधार है। परिवार, संस्था और समाज तीनों स्तरों पर समरसता तभी विकसित होती है जब पीढ़ियों के बीच सम्मान, धैर्य और सौहार्द बना रहे। बड़ों का आदर केवल औपचारिक व्यवहार नहीं, बल्कि उनका अनुभव, मार्गदर्शन और सुरक्षा-भावना के प्रति कृतज्ञता का प्राकृतिक प्रदर्शन है। उन्होंने कहा कि आज्ञाकारिता मनुष्य के चित्त को स्थिर और विनम्र बनाती है, जिससे जीवन में सीखने की क्षमता विकसित होती है। जहां अनुशासन और सम्मान स्थापित होते हैं। वहां परिवार में खुशहाली तथा संस्थाओं में कार्यक्षमता स्वाभाविक रूप से बढ़ जाती है। दीदी ने राजयोग के माध्यम से "ईश्वरीय आज्ञाओं" के पालन को जीवन-उन्नति का आधार बताया और कहा कि जब व्यक्ति श्रीमद भागवत गीता ज्ञान या भगवान की आज्ञा के अनुसार जीवन को संयमित करता है, तो उसके विचार, व्यवहार और कर्म स्वभाविक रूप से श्रेष्ठ होते जाते हैं। आज्ञाकारिता, सम्मान और विनम्रता ये तीनों मूल्य आध्यात्मिक जीवन के स्तंभ हैं।

## क्रिसमस रैली में मसीही गीतों की गूंज, दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

संयुक्त मसीही संगठन ने शनिवार को बर्जेस ग्राउंड से एक विशाल क्रिसमस रैली निकाली। इसमें 50 चर्च के 6 हजार से अधिक मसीहियों ने उत्साह से भाग लिया। इन सभी लोगों ने हैप्पी क्रिसमस बोलने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण व स्वच्छता का संदेश दिया। क्रिसमस पर आधारित गीतों की गूंज होती रही।

क्रिसमस रैली बर्जेश कंपाउंड से आरंभ होकर अग्रसेन चौक, सीएमडी चौक, इंदिरा गांधी चौक, टैगोर चौक, गांधी चौक, गोलबाजार, देवकीनंदन चौक, वृहस्पति बाजार चौक, राजेंद्र नगर चौक, मंदिर चौक, राजीव गांधी चौक होते हुए बर्जेश स्कूल प्रांगण पहुंच कर समाप्त हुई। रैली को लेकर समाज के लोगों में काफी उत्साह दिख रहा था। सभी नए कपड़े पहने हुए तो कुछ सेंटाक्लॉज के वेश में दिखे। सेंटाक्लॉज के वेश में रहे बच्चे रास्ते में चॉकलेट बांटते हुए जा रहे थे। इस मौके पर संगठन के अध्यक्ष जयदीप रॉबिन्सन, उपाध्यक्ष डॉ राजीव पीटर्स, सचिव डॉ रत्नेश कुमार, कोषाध्यक्ष प्रखर पटेल, सहसचिव हेरी डेनियल, सदस्य विनय वानी, मिनेश चरण, संदीप तिमोथी सहित अन्य सदस्यों व मसीही समाज के लोग भारी संख्या में उपस्थित थे।



6 हजार से अधिक मसीहियों की रही सहभागिता, संयुक्त मसीही संगठन का आयोजन



## मंगल पाठ में दादीजी की वीरता सतीत्व का होगा गुणगान

**बिलासपुर।** दादीजी की अनंत कृपा से इस वर्ष भी 21 दिसंबर रविवार को दोपहर 3 बजे श्री राणी सती दादी का दिव्य मंगल पाठ समारोह आयोजित किया जा रहा है। इसमें दादीजी की वीरता, सतीत्व और शक्ति का गुणगान किया जाएगा। गुणगान में उनकी कथा, अभिमन्यु से विवाह, सतीत्व और मंगल पाठ के श्लोक शामिल होते हैं।

श्री राणी सती मंदिर गोविंदम पैलेस रिंग रोड 2 में आयोजित मंगल पाठ के दौरान दादीजी का अलौकिक श्रृंगार किया जाएगा। हल्दी, मेहंदी व चुनरी महोत्सव होगा। प्रसिद्ध समूह द्वारा नृत्य नाटिका का मंचन किया जाएगा। पावन गंगा आरती की जाएगी। चिड़ावा-राजस्थान के प्रसिद्ध पेड़े का एवं छप्पन भोग लगाए जाएंगे। दादीजी की रसोई प्रसाद भी होगा। इसमें सैकड़ों लोग प्रसाद ग्रहण करेंगे। हर क्षण में भक्ति, हर रस्म में आशीर्वाद होगा। समाज के लोगों ने बताया कि यह पाठ केवल एक अनुष्ठान नहीं, बल्कि दादीजी की अपार कृपा, आशीर्वाद और भक्ति का अद्भुत उत्सव है। इस पावन अवसर पर सुश्री सुरभि बिरजुका सूरत संगीतमय मंगल पाठ सुनाकर वातावरण को दादी मां की स्नेह और आशीर्वाद से सरोबार करेंगी। आयोजकों ने इस भव्य अनुष्ठान में सपरिवार शामिल होकर दादीजी की असीम कृपा के भागीदार बनने का आग्रह किया है। यह जानकारी सीए आनंद अग्रवाल, अजय अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दी।




- गोविंदम पैलेस में 21 को होगा आयोजन किया जाएगा अलौकिक श्रृंगार

### माना जाता है देवी दुर्गा का अवतार

मंगल पाठ दादीजी को प्रसन्न कर आशीर्वाद पाने के लिए किया जाता है। दादीजी नारायणी देवी का जन्म राजस्थान के डोकवा गांव में हुआ था। उन्होंने अभिमन्यु से विवाह किया और पति की मृत्यु के बाद सती हो गईं थीं। दादीजी को देवी दुर्गा का अवतार माना जाता है।

स्पोर्ट्स न्यूज



## क्रास कंट्री के पुरुष वर्ग में प्रथम रही एसईसीआर की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे खेल संघ सेकेरसा के तत्वावधान में नर्मदा के उद्गम स्थल अमरकंटक पहाड़ी क्षेत्र में आयोजित 56वीं अखिल भारतीय रेलवे क्रॉस कंट्री पुरुष एवं महिला प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हुई। प्रतियोगिता में भारतीय रेल के विभिन्न जोनों की 14 टीमों के कुल 122 खिलाड़ियों 71 पुरुष एवं 51 महिला ने भाग लेकर उत्कृष्ट खेल भावना, अनुशासन एवं सहनशक्ति का परिचय दिया।**

प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि तरुण प्रकाश, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे एवं दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन सेक्रो की अध्यक्षा मीनाक्षी शर्मा ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। पुरुष वर्ग में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि महिला वर्ग में उत्तर पूर्व रेलवे की टीम ने प्रथम स्थान हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। समारोह को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक ने कहा कि क्रॉस कंट्री जैसे कठिन खेल में खिलाड़ियों द्वारा प्रदर्शित सहनशक्ति, गति, टीमवर्क और खेल भावना भारतीय रेल की समृद्ध खेल संस्कृति को सशक्त रूप से दर्शाती है। उन्होंने कहा कि यह खेल शरीर के साथ-साथ मन और धैर्य की भी परीक्षा लेता है, जिसमें सभी खिलाड़ियों ने स्वयं को उत्कृष्ट सिद्ध किया है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाला प्रत्येक खिलाड़ी विजेता है, क्योंकि सभी ने अपने परिश्रम, अनुशासन और सकारात्मक ऊर्जा से भारतीय रेल परिवार की प्रतिष्ठा को और ऊँचाई प्रदान की है। खेलों से मिलने वाले अनुशासन, धैर्य, पारस्परिक सम्मान एवं लक्ष्य के प्रति समर्पण जैसे गुण संगठन को भी मजबूत बनाते हैं। महाप्रबंधक ने विश्वास व्यक्त किया कि यहाँ प्रदर्शित प्रतिभा आने वाले समय में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी चमकेगी और भारतीय रेल का नाम और अधिक गौरवान्वित करेगी। इन्हीं शुभेच्छाओं के साथ उन्होंने प्रतियोगिता के समापन की औपचारिक घोषणा की। इस अवसर पर अध्यक्षा, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन सेक्रो, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे खेल संघ के अध्यक्ष एवं प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर, मंडल रेल प्रबंधक बिलासपुर, वरिष्ठ अधिकारी, प्रशिक्षक, खिलाड़ी एवं बड़ी संख्या में रेलवे अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।




## दुबई के एशियन यूथ पैरा गेम्स में अभिजीत ने जीता सिल्वर

अभिजीत सखूजा ने एशियन यूथ पैरा गेम्स दुबई में आयोजित बैडमिंटन चैंपियनशिप के एकल एवं युगल में सिल्वर मेडल प्राप्त किया है। स्थानीय



बिलासपुर के निवासी एवं प्राथमिक बैडमिंटन प्रशिक्षण बिलासपुर से प्रारंभ कर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पैरा बैडमिंटन में अपनी जगह बना चुके खिलाड़ी अभिजीत सखूजा ने 10 से 13 दिसम्बर तक दुबई में आयोजित एशियन यूथ पैरा गेम्स के बैडमिंटन चैंपियनशिप में अपने बेहतरीन प्रदर्शन के साथ एकल एवं युगल में वर्ग में सिल्वर मेडल प्राप्त कर देश प्रदेश को गौरवान्वित किया है। इससे पूर्व भी अभिजीत थाईलैंड में आयोजित अंतरराष्ट्रीय स्तर के बैडमिंटन चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल प्राप्त कर चुके है एवं राष्ट्रीय स्तर पर अनेकों बार खिताब जीते है एवं जूनियर नेशनल में चैंपियन भी रहे है। देश एवं प्रदेश के उभरते युवा खिलाड़ी को जिला बैडमिंटन संघ बिलासपुर एवं बैडमिंटन खेल प्रेमियों ने शुभकामनाएं दी हैं।

## कबड्डी प्रीमियर लीग में शानदार प्रदर्शन कर रहे खिलाड़ी

कोटा ब्लाक कबड्डी प्रीमियर लीग मे कोटा ब्लाक के चयनित खिलाडी अपनी-अपनी टीम की ओर से शानदार प्रदर्शन कर टीम को जीत दिला रहे है। प्रतियोगिता के दूसरे दिन जय बिरसा मुंडा रिगरिगा, अम्बे सेवन स्टार पिपरपारा, सेवन स्टार लमकेना के टीम ने अपने-




अपने मैच जीतकर पॉइंट टेबल पर अपना स्थान बनाये रखा है। इस संबंध मे जानकारी देते हुए एनआईएस कबड्डी कोच ओमकार जायसवाल ने बताया की जिला कबड्डी संघ बिलासपुर के मार्गदर्शन और दिशा निर्देश मे कोटा ब्लाक कबड्डी प्रीमियर लीग तीसरे सीजन का आयोजन 12 से 14 दिसंबर तक ग्राम पंचायत पिपरपारा कोटा की मेजबानी मे आयोजित किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों मे छिपी हुई प्रतिभा को सामने लाना ताकि खिलाडी राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर कोटा ब्लाक के साथ बिलासपुर जिला का नाम रोशन कर सकें। दूसरे दिन अम्बे सेवन स्टार पिपरपारा ने सोनसाय नवागॉव योद्धा को 28-13 के मुकाबले 15 अंको से हराया। जय बिरसा मुंडा रिगरिगा ने राम प्रसाद मिश्रा कोटा को 23-18 के मुकाबले 5 अंको से हराया। जय बिरसा मुंडा ने एमजेआर रानीबछाली को 35-15 के मुकाबले 20 अंको से हराकर जीत का अभियान जारी रखा है। मैच के निर्णायक जिला कबड्डी संघ बिलासपुर के निर्णायक हर्बन्स कस्तूरिया, बुधराम मरकाम, धनसिंह पोर्ते, शिवशंभू जगत, नंद कुमार धुर्वे, गजेंद्र निर्मलकर, नंद कुमार मरावी, शिव कुमार कैवर्त आदि मैच मे निर्णयक की भूमिका निभा रहे है।



## एलसीआईटी के दो खिलाड़ी ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी में चयनित



एलसीआईटी कालेज ऑफ़ कॉमर्स एंड साइंस के दो खिलाड़ियों का चयन ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। महाविद्यालय क्रीड़ाधिकारी ओमकार जायसवाल ने बताया की एलसीआईटी कालेज ऑफ़ कॉमर्स एंड साइंस के वॉलीबॉल खिलाडी बीबीए अंतिम वर्ष के छात्र दिपेन्द्र कंवर और बैडमिंटन खिलाडी बी काम प्रथम सेमेस्टर के छात्र राजीव वाधवानी का चयन अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय की बैडमिंटन और वॉलीबॉल टीम मे किया गया है। ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी वॉलीबाल प्रतियोगिता 11 से 14 दिसंबर तक मुजफ़्फ़र यूनिवर्सिटी बिहार की मेजबानी मे आयोजित है, जबकि ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी बैडमिंटन पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन 18 से 21 दिसम्बर संबलपुर यूनिवर्सिटी संबलपुर ओड़शिा में किया जाएगा। इन खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता मे शानदार प्रदर्शन की वजह से ईस्ट जोन प्रतियोगिता के लिए अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय टीम मे हुआ है। खिलाड़ियों के चयन होने पर प्रमोद कुमार जैन, अंकित जैन, उपकार राय, डॉ. अर्चना शुक्ला, अभिनव पाल, शुभी श्रीवास्तव, डॉ. रितेश जैन, डॉ. संदीप गुप्ता, आदिल डल्ला, उमेश पटनायक, डॉ. अंकुर श्रीवास्तव, अभिषेक केशरवानी, अर्जुन सिंह चौहान, शिवशंकर गुप्ता, इंजमाम, व मनीष सिन्हा आदि असिस्टेंट प्रोफेसर ने शुभकामनायें दी हैं।

## खबर संक्षेप



### रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

**बेलतरा।** बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत भाड़ी में रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ 12 दिसंबर से हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच कसडोल एवं कोनी के बीच खेला गया। मुख्य अतिथि जनपद उपाध्यक्ष बिल्हा विक्रम सिंह ठाकुर, अवधेश अग्रवाल जनपद सदस्य, राजेंद्र साहू जनपद सदस्य एवं सरपंच प्रतिनिधि लक्ष्मी कश्यप की उपस्थिति प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का प्रत्येक मैच 8-8 ओवर का खेला जाएगा। प्रतियोगिता में 32 टीमों ने भाग लिया है। विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार के रूप में 41 हजार नकद व उपविजेता को द्वितीय पुरस्कार 21 हजार नकद प्रदान किया जाएगा।

### व्यापारी से 10 क्विंटल अवैध धान जब्त



**लोरमी।** ग्राम भस्करा में मंडी एवं खाद्य शाखा के संयुक्त दल ने दबिश देकर व्यापारी की दुकान से 10 क्विंटल अवैध धन जप्त कर मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार, शनिवार को मंडी एवं खाद विभाग की टीम को ग्राम भास्कर में दुकानदार नीलकंठ साहू के व्यापारिक परिसर में अवैध धान भंडारण की सूचना मिली। सूचना के आधार पर दबिश देकर धान जब्त की गई। इस अवसर पर खाद्य निरीक्षक राहुल श्रीवास, मनोज साहू एवं मंडी के अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे।

## निधन

### संतोष तिवारी



**बिलासपुर।** बंधवापारा सरकंडा निवासी संतोष कुमार तिवारी का 12 दिसंबर को निधन हो गया। वे 72 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. रामेश्वर प्रसाद तिवारी के पुत्र, रविन्द्र तिवारी के भाई और धीरज, चंद्रहास, धनिष्ठा पाण्डेय के पिता थे।

### अर्जुन श्रीवास



**बिलासपुर।** आजाद नगर मसानगंज निवासी अर्जुन श्रीवास गंगवा का 12 दिसंबर को निधन हो गया। वे 64 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 13 दिसंबर को पं देवकीनंदन दीक्षित मुक्तिधाम सरकंडा में किया गया। वे लक्ष्मी, सोनम, दीक्षा, गुंजन, रॉकी के पिता एवं विक्की श्रीवास के चाचा थे।

### ईश्वरी देवानी



**बिलासपुर।** वेगस हास्पिटल इमलीपारा निवासी ईश्वरी देवानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 13 दिसंबर को सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे स्वः गोविंदराम की धर्मपत्नी एवं रमेश देवानी की माता थीं।

### रोहन देवांगन



**बिलासपुर।** कुम्हारपारा करबला निवासी रोहन देवांगन का शनिवार 13 दिसंबर को निधन हो गया। वे 45 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 14 दिसंबर की सुबह 11 बजे दयालबंद स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे शिवकुमार देवांगन के पुत्र और हिमांशु देवांगन के भाई थे।

### अब्दूल रब अंसारी



**तखतपुर।** वार्ड क्र 6 निवासी अब्दुल रब अंसारी का 70 वर्ष की आयु में 13 दिसम्बर को निधन हो गया। वे अब्दुल कलाम अंसारी, पार्षद इस्लाम अंसारी, एजाज अंसारी, नियाज अंसारी के पिता थे। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय कब्रिस्तान में किया गया।

### श्रीमती गुलाब देवी गुप्ता



**तखतपुर।** वार्ड 6 निवासी गुलाबा देवी गुप्ता का 82 वर्ष की आयु में 13 दिसंबर को निधन हो गया। वे चन्द्रभान गुप्ता, प्रकाश गुप्ता, राकेश गुप्ता, कैलाश गुप्ता की माता एवं आकाश गुप्ता, संकेत गुप्ता, भोलू गुप्ता की दादी थीं। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

## पुराना ट्रांसफार्मर लगाकर की गई खानापूर्ति, ग्रामीण परेशान

# 45 दिनों से गांव का ट्रांसफार्मर खराब, घरों में पसरा अंधेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया



विकासखंड के ग्राम बेलखुरी के ग्रामीणों ने गांव में बिजली की समस्या से परेशान होकर विधुत विभाग में शिकायत दर्ज की है। ग्रामीणों ने बताया कि, गांव में पिछले 45 दिनों से ट्रांसफार्मर खराब पड़ा हुआ है, जिससे गांव के ग्रामीण अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। ग्रामीणों की शिकायत है कि, ग्राम बेलखुरी मे भंजन राजपूत के घर के पास लगे ट्रांसफार्मर लगभग डेढ़ महीने से खराब पड़ा है। इसकी सूचना बिजली विभाग को देने के बावजूद ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया।

विधुत विभाग ने की खानापूर्ति- ग्राम के सरपंच शशि राजपूत ने शिकायत के माध्यम से बताया कि, गांव मे ट्रांसफार्मर खराब होने की सूचना विभाग के प्रशासनिक अधिकारियों को मौखिक रूप से कई बार दी गई है। लोगों ने बताया कि, गांव मे नया ट्रांसफार्मर लगाने के बजाए दूसरे गांव के खराब ट्रांसफार्मर को लगा दिया गया, जिससे एक ही फेस की बिजली सप्लाई होती है। इस कारण बाकी घरों मे दिनभर लाइट बंद रहती है। विद्युत विभाग के अधिकारी खराब ट्रांसफार्मर लगाकर चले गए, जिससे कई बिजली उपभोक्ताओं के घरों में अंधेरा परसा हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि, अगर जल्द ही ट्रांसफार्मर बदला नहीं गया तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### सब स्टेशन में पड़ा रहता है नया ट्रांसफार्मर

ग्रामीणों ने बताया कि सब स्टेशन पथरिया में अक्सर नया ट्रांसफार्मर रखा होता है, लेकिन इसके बावजूद भी प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से गांव मे लगाने के लिए नया ट्रांसफार्मर नहीं दिया जाता है। सहायक अभियंता योगेश साहू ने कहा कि ई से बात कर लीजिये, मुझे समचार में कथन देने का अधिकार नहीं है।

### या ट्रांसफार्मर लगा

ग्रामीणों से शिकायत प्राप्त हुई थी। ग्राम पंचायत बेलखुरी में नया ट्रांसफार्मर लगा दिया गया है।

**-एनआर भगत,**
कार्यपालन अभियंता

## शुक्ल कॉलेज के प्राचार्य का किया घेराव

# परीक्षा की तिथियों में बदलाव से फूटा विद्यार्थियों का गुस्सा



प्राचार्य कक्ष का घेराव करते विद्यार्थी।

**सीपत।** अटल बिहारी वाजपाई विवि बिलासपुर द्वारा नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत संचालित परीक्षाओं की तिथियों में बार-बार किए जा रहे बदलाव को लेकर शासकीय मदन लाल शुक्ल महाविद्यालय सीपत में विद्यार्थियों का आक्रोश फूट पड़ा। परीक्षा प्रारंभ होने के बाद विवि द्वारा नई समय-सारणी जारी करने से छात्र–छात्राओं में भारी असंतोष व्याप्त है, जिसके विरोध में छात्र नेताओं के नेतृत्व में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने महाविद्यालय के प्राचार्य कक्ष का घेराव कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

छात्रों का कहना है कि, परीक्षा शुरू होने के बाद समय-सारणी में अचानक परिवर्तन करना विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य, तैयारी और भविष्य के साथ सीधा खिलवाड़ है। प्रशासन के इस गैर-जिम्मेदाराना जवाब से नाराज छात्रों ने विश्वविद्यालय से शीघ्र स्पष्ट, स्थाई और लिखित समाधान की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि, यदि परीक्षा तिथि संबंधी समुचित जानकारी समय रहते सभी परीक्षार्थियों को उपलब्ध नहीं कराई गई, तो छात्र संगठन आगामी दिनों में और उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस विरोध प्रदर्शन में छात्र नेता प्रशांत यादव, मिथलेश श्रीवास, विकास पटेल, विनय यादव, आदर्श शर्मा, दीपक राठौर, दीपक साहू, आयुष पटनवार सहित बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

### नकद सहित 14 हजार का माल पार

**तखतपुर।** दिन दहाड़े अज्ञात चोर ने ताला तोड़कर लगभग 14 हजार रूपए का समान पार कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार चुलघट रोड निवासी आशुतोष सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, 11 दिसम्बर को सुबह 11 बजे घर में ताला लगा कर वे काम से कहीं बाहर चले गए थे। जब दोपहर 3 बजे वापस आए तो घर का ताला टूटा हुआ मिला। उन्होंने अंदर जाकर देखा तो, आलमारी में रखा कान का टॉप्स कीमत 7 हजार एवं 7 हजार नकद की चोरी हो चुकी थी।

## मस्तूरी क्षेत्र का सर्वांगीण विकास सर्वोच्च प्राथमिकता: लहरिया



भूमिपूजन करते विधायक के साथ जनप्रतिनिधि।

**सीपत/मस्तूरी।** मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र में विकास की रफ्तार को और तेज करते हुए शनिवार को विधायक दिलीप लहरिया एवं जिपं सदस्य राजेंद्र धीवर ने संयुक्त रूप से लगभग 67 लाख रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया।

पोड़ी में 12 लाख के आंगनबाड़ी भवन का भूमिपूजन, लुतरा शरीफ में 10 लाख के सांस्कृतिक मंच व 4 लाख रुपए की सीसी रोड, जेवरा में 12 लाख रुपए की लागत से गोदाम भवन, 8-8 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड एवं 12.50 लाख रुपए की लागत से एक अन्य गोदाम भवन का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया। इस अवसर विधायक दिलीप लहरिया ने कहा कि, मस्तूरी विधानसभा का हर गांव, हर मजरा और हर मोहल्ला विकास की मुख्यधारा से जुड़े, यही मेरा संकल्प है। कार्यक्रम में जिपं सदस्य राजेंद्र धीवर, जपं सदस्य मनोज खरे, देव सिंह पोरते, देवेश शर्मा, किसान नेता प्रमोद जायसवाल, पुष्कर मेरावी, ब्लॉक कांग्रेस प्रवक्ता घनश्याम नेताम, धनिदास महंत, चंदलाल कमरो, नारायण सिंह श्याम, जेवरा सरपंच मूलचंद पटेल, लुतरा सरपंच चंद्रमणि मरावी, खोंधरा उपसरपंच सुरेश, हरनारायण पटेल, पोड़ी सरपंच सूर्यप्रकाश शेष, गोपी पटेल आदि मौजूद थे।



## धरमलाल ने किया विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरगांव

बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक के मुख्य आतिथ्य एवं अंबालिका साहू अध्यक्षता की अध्यक्षता में पंचायत सांवा में विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया गया।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में चितरेखा मनीष जांगड़े, दीपिका चंद्रशेखर कौशिक, नरेंद्र शर्मा, कैलाश सिंह, पोषण यादव आदि उपस्थित रहे। उक्त निर्माण कार्यों को तहत 11.69 लाख रुपए के आंगनबाड़ी केंद्र, 6.50 लाख के आदिवासी समाज सामुदायिक भवन एवं निर्मलकर समाज सामुदायिक भवन 5.00 लाख का लोकार्पण संपन्न हुआ। कार्यक्रम में स्वागत भाषण जपं सदस्य रिजवान हक ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मालगुजार अनवर हक, भाजपा मंडल अध्यक्ष पोषण यादव, सरपंच रामशीला बोधराम राजपूत, सभापति संजीव नेताम, उपसरपंच शत्रुहन कुर्रे, वरिष्ठ कार्यकर्ता दुकलहा साहू, अनिल राजपूत सरपंच बिडबिदा, सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष गेंदराम नेताम, सुरेश निर्मलकर, रामनारायण राजपूत, हेमलाल साहू, रोशन साहू आदि उपस्थित रहे।

## कोटा विधायक के प्रयासों से विद्युत कार्यालय की मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



■ कोटा , रतनपुर बेलगहना, चपोरा सहित तखतपुर बिलासपुर के उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्टीब्यूशन कंपनी लिमिटेड ने कोटा व रतनपुर सब डिवीजन के 11 वितरण केन्द्रों को जोड़कर सकरी नया विद्युत डिवीजन कार्यालय बनाए जाने की स्वीकृति दी है। सकरी डिवीजन में रतनपुर, कोटा के साथ सकरी और तखतपुर सब डिवीजन भी शामिल रहेगा।

कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है कि कोटा के उपभोक्ताओं की मांग को आपने स्वीकृत किया। गौरतलब है कि अटल श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सचिव छत्तीसगढ़ शासन ऊर्जा विभाग एवं कार्यपालक निदेशक छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्टीब्यूशन कंपनी को लगातार पत्र व्यवहार करते रहे। विधायक अटल श्रीवास्तव ने विधानसभा में भी कोट क्षेत्रवासियों के सुगमता एवं आवश्यकता को ध्यान रखते हुए कोटा के आस-पास संभागीय कार्यालय स्थापना करने कि मांग की थी। अटल श्रीवास्तव ने पत्र में उल्लेख किया था कि कोटा अत्यंत वृहद वनांचल एवं आदिवासी क्षेत्र है। कोटा बेलगहना रतनपुर चपोरा को पेण्ड्रा रोड डिवीजन कार्यालय से जोड़कर रखा गया है। क्षेत्रवासियों को विद्युत संबंधी समस्याओ एवं कार्यो हेतु 100 कि.मी. दूर पेण्ड्रा जाना पड़ता है। पेण्ड्रा संभागीय कार्यालय जीपीएम जिले के अंतर्गत आता था दूरी की वजह एवं दूसरा जिला होने के कारण उपभोक्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों को विद्युत संबंधी समस्या हेतु संवाद स्थापित करने में परेशानी होती थी।

विधायक अटल श्रीवास्तव ने बताया कि सकरी में संभागीय विद्युत कार्यालय के स्थापना से कोटा रतनपुर बेलगहना चपोरा सहित तखतपुर बिलासपुर के लाखो उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा कोटा विधानसभा की बहुत पुरानी एवं आवश्यक मांग थी जिसे अब पूरा किया गया।

## नवोदय की प्रवेश परीक्षा में 35 प्रतिशत परीक्षार्थी अनुपस्थित



**तखतपुर।** जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें लगभग 35 प्रतिशत छात्र-छात्राएं अनुपस्थित रहे।

कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए नवोदय विद्यालय की ओर से प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया, परीक्षा में कक्षा 5वीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं शामिल हुए परीक्षा के लिए तखतपुर विकासखंड में दो परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जिसमें कन्या उमा तखतपुर एवं सेजेस तखतपुर शमिल थे। परीक्षा में मेरिट आधार पर उत्तीर्ण छात्रों को जवाहर नवोदय विद्यालय मल्हार में कक्षा 6वीं में प्रवेश होगा। कन्या उमा शाला परीक्षा केंद्र में आयोजित परीक्षा में 157 परीक्षार्थियों को शामिल होना था, जिसमें 97 उपस्थित हुए और 60 अनुपस्थित रहे। वहीं बालक उच्चतर माध्यमिक शाला में सेजेस 273 उपस्थित रहे और 111 अनुपस्थित रहे। एनएस राजपूत, जितेंद्र शुक्ला, बीएस मरकाम, आरआर दुबे, श्रीकांत मिश्रा, कामिनी गुप्ता ने दोनों परीक्षा केंद्रों में परीक्षा का संचालन शांतिपूर्ण ढंग किया।

## शिक्षा की गुणवत्ता सुधारना सामूहिक दायित्व



शिक्षा गुणवत्ता का आंकलन करते जिपं सदस्य धीवर।

**सीपत।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने की दिशा में शनिवार को जिपं सदस्य राजेंद्र कुमार धीवर ने शासकीय माध्यमिक विद्यालय जांजी का विस्तृत निरीक्षण किया। यह दौरा कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक, समग्र शिक्षा बिलासपुर के निर्देशानुसार किया गया, जिसके अंतर्गत जिले की चिन्हांकित डी पेड की शालाओं के मूल्यांकन एवं अपग्रेडेशन की प्रक्रिया चल रही है।

निरीक्षण के दौरान विद्यालय की शैक्षणिक स्थिति, विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता, शिक्षकों की उपस्थिति, कक्षा संचालन, मूलभूत सुविधाएं तथा शैक्षणिक वातावरण का गहन अवलोकन किया गया। इस अवसर पर संकुल शैक्षिक समन्वयक एवं सहयोगी शिक्षकों ने विद्यालय की वर्तमान स्थिति की जानकारी दी। इस मौके पर राजेंद्र धीवर ने कहा कि, मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि बच्चों के भविष्य को मजबूत करने का संकल्प है। यदि आज हम विद्यालयों को सशक्त करेंगे, तो आने वाला कल अपने आप सशक्त होगा। इस अवसर पर बीआरसी सूरज सिंह क्षत्रिय, तुलेश्वर सिंह कौशिक संकुल शैक्षिक समन्वयक, प्राचार्या ज्योति तिर्की सहित सहयोगी शिक्षक एवं विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान को सफल बनाने के लिए प्रतिबद्धता जताई।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार युवती की मौत



दुर्घटनाग्रस्त स्कूटी व इनसेट में मृतका।

**रतनपुर।** थाना रतनपुर क्षेत्र अंतर्गत जोगी अमराई मोड़ के पास शुक्रवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में स्कूटी सवार युवती की मौके पर ही मौत हो गई।

मृतका की पहचान खुशबू सिंह 22 वर्ष पिता धन्नू सिंह निवासी जोगी अमराई के रूप में की गई। जानकारी के अनुसार खुशबू सिंह रतनपुर स्थित एक एसबीआई सेंटर में कार्यरत थी। वह शाम को कार्यालय का काम समाप्त कर अपनी स्कूटी से घर लौट रही थी। इसी दौरान जोगी अमराई मोड़ पर एक अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि, युवती की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही रतनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मर्ग कायम किया। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश एवं मामले की जांच में जुटी हुई है। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सिरगिट्टी तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्रमांक/ / सीमांकन/रा.नि./2025
बिलासपुर दिनांक 10/12/2025

आवेदक गीता शर्मा आवेदक के बताये अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 1. राजकुमारी 2. संतोष कुमार 3. राजा सिंग 4. अन्य सर्व संबंधित
विषय:- सीमांकन के संबंध में।
संदर्भ:- न्यायालय तहसीलदार/ अति. तहसीलदार/ ना. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्र.../ तह./ अति.तह./ना. तह./ वा. / वा. 2025 बिलासपुर, दिनांक 04/04/2025 ग्राम कोरमी प.ह.न. 42 रा.नि.मं. सिरगिट्टी तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 640/13, 641/28 रकबा 0.0190 हे. के सीमांकन हेतु आवेदक/ आवेदिका गीता शर्मा पि./ प. श्रीराम स्वरूप शर्मा निवासी. ..... जिला बिलासपुर के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/अति.तह./ना. तह. बिलासपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 17/12/25 को समय 10:00 से 5.00 बजे के बीच में किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज़ के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। टीप: अपरिहार्य कारणों से सीमांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

**राजस्व निरीक्षक, सिरगिट्टी**
**तहसील व जिला बिलासपुर**

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मै कुशाल यादव उम्र 50 वर्ष पिता स्व.श्री सीलऊ यादव जाति रावत निवासी ग्राम बिदबिदा पोस्ट व तहसील व थाना सरगांव जिला मुंगेली छ.ग. का निवासी हूँ। जो कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड में नाम अनुराधा यादव (आधार क्रमांक 211912445587) नाम दर्ज है जो कि गलत नाम है मेरी पुत्री का सही एवं वास्तविक नाम जन्म प्रमाण पत्र और पाचंवी के अंकसूची के अनुसार सिया यादव नाम है। मेरे पुत्री के भविष्य में नाम सिया यादव के नाम से जाना पहचाना एवं संबोधन किया जावें। जिसके संबंध में यह आम सूचना प्रकाशित कर रहा हूँ।
अत: सूचना जानें

**कुशाल यादव**
**आवेदक**

**न्यायालय तहसीलदार तखतपुर, तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. ..... ग्राम बघेलकापा
प.ह.नं. 15

एतद् द्वारा ग्राम बघेलकापा प.ह.नं. 15 रा.नि.मं. बेलपान तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक भागीरथी यादव पिता सियाराम यादव जाति यादव निवासी बघेलकापा तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा पूर्व में अपनी माता दुवसिया बाई पति सियाराम की मृत्यु दिनांक 27/10/2020 को ग्राम बघेलकापा तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. में होने का हवाला देते हुए अपनी माता का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त मृत्यु प्रमाण के संबंध में न्यायालय तहसीलदार तखतपुर में मामला विचाराधिन है जिसमे दिनांक 15/12/2025 को सुनवाई नियत किया गया है। उपरोक्त भूमि के संबंध में यदि कोई व्यक्ति अथवा हितबद्ध पक्षकार किसी प्रकार से कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है तो नियत तिथि तक प्रस्तुत कर सकता है नियत तिथि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार, तखतपुर**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, सकर्रा, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

ग्राम- उडेला, तहसील सकरी

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम उडेला तहसील सकरी जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक आवेदक बेदवाराम पिता बिरजूराम निवासी उडेला तहसील सकरी जिला बिलासपुर के द्वारा अपने माँ जानकी बाई पति बिरजूराम की मृत्यु स्थान उडेला में दिनांक 10.07.2014 का पंजीयन हेतु रजिस्ट्रार जन्म / मृत्यु, ग्राम पंचायत/ नगर पालिक निगम उडेला रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1996 एवं छ.ग. जन्म रजिस्ट्रीकरण 2001 के नियम 9 (3) के तहत निर्देश देने हेतु शपथ पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त आवेदन के संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियम पेशी दिनांक 18/12/25 को अपना आपत्ति-दावा प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति - दावा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 10/7/2014 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**उप तहसील सकर्रा, तहसील सकरी**

**न्यायालय नायब तहसीलदार, बेलतरा जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**उपस्थिति सूचना**

क्र/Q/ तह./ वाचक /2025
बेलतरा दिनांक 12.12.2025

प्रति, श्री झोल कुमार पिता ना मालूम निवासी... तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)
**विषय:- उपस्थिति की सूचना बाबत।**

एतद् द्वारा आपको को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री रामखिलावन सूर्यवंशी पिता स्व. श्री राजाराम सूर्यवंशी निवासी ग्राम बसहा तहसील बेलतरा जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम बसहा म.न. 3 प.ह.नं. 05 स्थित भूमि खसरा नम्बर 64, 48/3, 58/2, 63/1 रकबा क्रमशः 0.0810, 0.1620, 0.0160, 0.0690 हेक्टेयर उनके पैतृक भूमि है। लेकिन वर्तमान आन लाईन बी-1 में अनावेदक झोलकुमार के नाम पर दर्ज हो गया है। जिसे सुधार कर आवेदक अपने नाम पर दर्ज किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में आपको दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से लिखित में नियत तिथि 26.12.2025 तक दावा/ आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा तथा आपके अनुपस्थिति में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 12.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**बेलतरा, जिला बिलासपुर**

**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. /अ-6-अ/2025-26
पक्षकार:-संजय अम्बलकर
पिता स्व. प्रभाकर राव अम्बलकर... आवेदक
बनाम
छ.ग. शासन.... अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संजय अम्बलकर पिता स्व. प्रभाकर राव अम्बलकर निवासी चाटापारा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. ने अधिवक्ता के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला चाटापारा शीट नं. 09 प्लाट नं. 89/1 रकबा 2005 व.फु. भूमि स्थित है। उक्त भूमि नजूल अभिलेख मे श्रीमती प्रतिभा अम्बलकर पति स्व. प्रभाकर राव अम्बलकर वगैरह के नाम पर दर्ज है। आवेदक की माता प्रतिभा अम्बलकर की मृत्यु दिनांक 25.01.2020 को हो चुकी है। आवेदक के व्दारा उक्त भूमि को फौती के आधार पर नामांतरण किये जाने बाबत आवेदन पत्र छ.ग. भूराजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनॉक 05.01.2026 को न्यायालयीन समय में स्वत: उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति / दावा विचारणीय नही होगा।

आज दिनांक 12/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी**
**नजूल बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि वाद भूमि मौजा चांटीडीह, प.ह.नं. 33, रा.नि.मं. तह. व जिला बिलासपुर स्थित भूमि ख.नं. 309/32 रकबा 0.45 एकड़ एवं ख.नं. 263/14 रकबा 0.01 एकड़ भूमि कुल रकबा 0.46 एकड़ भूमि के संदर्भ में व्यवहार न्यायालय बिलासपुर के समक्ष व्यवहार वाद क्रमांक 255-ए/2025 पक्षकार सुशील मौर्य विरूद्ध जितेन्द्र मौर्य, संतोष मौय, आशीष मौर्य वगैरह के विरूद्ध वर्तमान में प्रकरण लंबित है, जिसमें प्रतिवादी के रूप में उपरोक्त पक्षकार न्यायालय के समक्ष उपस्थित हो चुके है तथा उपरोक्त व्यवहार वाद में किसी भी प्रकार से रूपांतरण, अंतरण, हस्तांतरण एवं निर्माण को प्रतिषेधित किये जाने का अनुतोष वाद पत्र का भाग है। मेरे पक्षकार को जानकारी हुई है कि प्रतिवादीगण उपरोक्त वाद भूमि जो कि राजस्व अभिलेख में अविधिपूर्ण ढंग से दर्ज कराया गया है, जिसका लाभ लेते हुए अन्य पक्ष को भूमि का अंतरण-हस्तांतरण येन-केन-प्रकारेण करना चाह रहे है तथा प्रयासरत है साथ ही वाद भूमि पर आशयपूर्ण ढंग से वादी के स्वत्व व आधिपत्य को धूमिल किये जाने के उद्देश्य से निरंतर व लगातार निर्माण करने का प्रयास किया जा रहा है, जिस कारण से जरिये इस आम सूचना उपरोक्त वाद भूमि के संदर्भ में कोई भी व्यक्ति, संस्था फर्म या कम्पनी के द्वारा उपरोक्त वाद भूमि के संदर्भ में किसी प्रकार का समव्यवहार, अनुबंध पत्र या पंजीयन बैनामा, अंतरण, हस्तांतरण व निर्माण के संदर्भ में न करें। उपरोक्त समस्त कृत्य स्वमेव विधिविरूद्ध व अवैध होवेगा जिस पर मेरा पक्षकार उपरोक्त संबंधित व्यक्तियों के विरूद्ध सिविल, दाण्डिक व प्रतिकर संबंधी कार्यवाही किये जाने हेतु स्वतंत्र होवेगा तथा समस्त हर्जे खर्चे के व न्यायालयीन वाद-विवाद के पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित व्यक्ति जो कि आशयपूर्वक उपरोक्त कृत्य का संपादन करेगा वो जिम्मेदार होवेगा।
सो सूचना जाने
स्थान - बिलासपुर
दिनांक 13/12/2025

**भवदीय**
**(जुगल किशोर पाण्डेय)**
**अधिवक्ता**
**कार्यालय एवं निवास**
**बालाजी नर्सिंग होम के पास, गली नंबर 2 देवनन्दन नगर, फेस-1, बिलासपुर (छत्तीसगढ़) 495006**
**मो. 9770750042, 8818811150**

|| सत्यनाम ||

सद्गुरू कबीर धर्मदास वंशावली मिशन

के तत्वावधान मे एक दिवसीय सद्गुरू कबीर संत समागम समारोह



पंथ श्री हुजूर अदितमुनि नाम साहब

का प्रथम बिलासपुर आगमन पर

हार्दिक...स्वागत...अभिनंदन

सप्रेम साहेब बंदगी साहेब

दिनांक - 14 दिसंबर 2025 रविवार, स्थान - साइंस कॉलेज मैदान सरकंडा,बिलासपुर (छ.ग.)

विनीत :- के.डी.वी.मिशन समस्त कबीर पंथी समाज बिलासपुर संभाग (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### नाबालिग से दैहिक शोषण कांग्रेस नेता गिरफ्तार

**बिलासपुर।** बहला फुसलाकर नाबालिग से दैहिक शोषण करने वाले कांग्रेस नेता को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट ने बताया कि अप्रैल 2024 में क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिग युवती की यदुनंदन नगर निवासी कांग्रेस नेता गौरव ठाकुर से जान पहचान थी। कांग्रेस नेता पिछले एक साल से नाबालिग को बहला फुसलाकर घूमने ले जाकर शारीरिक संबंध बनाने लगा। वर्तमान में भी वह नाबालिग को मिलने आने के लिए दबाव बना रहा था। मना करने पर धमकी देकर परेशान करने लगा। उसकी हरकतों से त्रस्त होकर नाबालिग ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने नाबालिग की रिपोर्ट पर गौरव ठाकुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### किसान ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**बिलासपुर।** किसान ने खेत के मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है।



मोपका पुलिस सहायता केंद्र ने प्रधान आरक्षक रविकांत सैनिक ने बताया, लगरा निवासी राम परमेश्वर राजपूत पिता रामफल राजपूत 30 साल गांव के विपुल मिश्रा के प्लाट में खेती बाड़ी करते थे। शुक्रवार की दोपहर में उन्होंने खेत के कमरे में पंखे की हुक पर लायलोन की रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर पुलिस मौके पर जाकर फंदा खोलकर शव नीचे उतारा और तलाशी ली किन्तु सुसाइड नोट नहीं मिला है, जिससे आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है।

### पीछे से कार ने दूसरी कार को मारी टक्कर

**बिलासपुर।** पीछे से तेज रफ्तार स्विफ्ट कार ने एक अन्य को टककर मार दी। जिससे दोनों गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गई हैं। पुलिस ने चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, राजीव गांधी चौक मंझवापारा निवासी आदित्य उर्फ राजा महिलांगे अपनी पत्नी के साथ कार क्रमांक सीजी 10 एस, 8564 से रतनपुर जा रहे थे। रात 12.30 बजे राष्ट्रीय उद्यान लोधीपारा के पास स्वीफ्ट कार क्रमांक सीजी 10 एफए, 7805 के चालक ने तेज रफ्तार से चलाते हुए पीछे से उनकी कार को टक्कर मार दी। हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार पति पत्नी को चोट आई है। वहीं स्विफ्ट कार में सवार लोगों को भी चोटे आई है।

### छग बिजली कर्मचारी संघ मिला चेयरमैन से

**बिलासपुर।** संविदा कर्मियों की वेतन वृद्धि व पुरानी पेंशन बहाली संभव है। इस बारे में जल्द ही आदेश जारी किया जा सकता है। छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों की बैठक चेयरमैन से हुई। इसके साथ ही विद्युत कर्मियों व पेंशनर को बिजली बिल में प्रदाय छूट को पुनः प्रारंभ को लेकर चर्चा की गई है। बैठक में अखिल भारतीय मंत्री एवं उद्योग प्रभारी भारतीय मजदूर संघ राधेश्याम जायसवाल के द्वारा विद्युत नियमित, पेंशनर कर्मचारियों,अधिकारियों के आवासीय परिसर में सोलर रूफटॉप प्लांट स्थापना की अनिवार्यता के व्यवहारिक दिक्कतों से अवगत कराया। कर्मचारियों व अधिकारियों को प्रदाय विद्युत देयक में 50/25 प्रतिशत छूट को बंद करना छग राज्य विद्युत मंडल अंतरण योजना 2010 का उल्लंघन करार दिया।

---

**पहली बैठक में नहीं बनी सहमति** | **नगर निगम ने 37 दुकान वालों को जारी किया है नोटिस**

# बृहस्पतिबाजार को लेकर नगर निगम व दुकान वालों के बीच नहीं बन पाई सहमति

**बिलासपुर।** बृहस्पति बाजार में नया आधुनिक सब्जी मार्केट निर्माण के लिए वहां के दुकान वालों, सब्जी विक्रेताओं को हटाने सहमति नहीं बन पाई है। नगर निगम के अधिकारियों और बृहस्पतिबाजार के दुकान वालों के बीच जगह खाली करने के संबंध में बैठक हुई थी, जिसमें सब्जी दुकान वाले तैयार नहीं हुए। निगम को ओर 37 दुकान वालों को नोटिस जारी किया गया है।

शहर के बीच अस्त-व्यस्त बृहस्पतिबाजार सब्जी मार्केट से दुकान वालों सहित चबूतरों में सब्जी दुकान लगाने वालों को हटाकर वहां पर आधुनिक सब्जी मार्केट बनाने की योजना है। इसके लिए करीब दो साल पहले प्रयास हुआ था, फिर मामला ठंडा पड़ गया। अब फिर से योजना पर काम शुरू हुआ है और बृहस्पतिबाजार में 37 दुकान वालों को नोटिस थमाया गया है। इसके अलावा चबूतरों व जमीन पर 100 से अधिक सब्जी विक्रेता दुकान लगाते हैं। इन सभी सब्जी दुकान वालों की दो दिन पहले नगर निगम के अधिकारियों के साथ बैठक हुई है, जिसमें बृहस्पतिबाजार जगह खाली करने पर सहमति नहीं बन पाई है। सब्जी विक्रेता



अपना व्यवस्थापना और वहीं आसपास जगह दिए जाने की मांग कर रहे हैं।

बृहस्पतिबाजार में निगम द्वारा 13 करोड़ 39 लाख से नया आधुनिक सब्जी मार्केट बनाने की योजना बनाई गई है, जिसके ग्राउंड फ्लोर में 242 चबूतरों का निर्माण कराया जाएगा। सब्जी मार्केट के लिए नया काम्पलेक्स बन जाने से वहां पर यातायात भी सुगम होगा और जाम से छुटकारा मिलेगा। वहीं सब्जी विक्रेताओं को व्यवसाय के लिए एक व्यवस्थित और सर्वसुविधायुक्त स्थान मिलेगा। इसी तरह शहरवासियों को भी सुगम और व्यवस्थित बाजार मिलेगा। पुनर्विकास और कायाकल्प के तहत नए बाजार में पार्किंग होने से बृहस्पतिबाजार चौक में पार्किंग की समस्या दूर होगी, जिससे क्षेत्र में लगने वाले जाम से निजात मिलेगी और यातायात सुगम होगा।

### 66 दुकान व 242 चबूतरा बनना है

बृहस्पतिबाजार की पुनर्विकास योजना के तहत नगर निगम द्वारा आधुनिक सब्जी मार्केट तैयार किया जाएगा, जिसके ग्राउंड फ्लोर में 242 बड़े आकार के चबूतरे बनाए जाएंगे। वर्तमान में जिस चबूतरों पर व्यापारी सब्जी का व्यवसाय कर रहे हैं उसका आकार 6 बाई 8 का है। नए चबूतरे का आकार 7 बाई 10 का होगा, जिससे व्यापारियों को पहले से ज्यादा अच्छे और बड़े चबूतरे मिलेंगे। इसके अलावा प्रत्येक चतुबरों के नीचे स्टोरेज के लिए दरवाजे की सुविधा के साथ स्थान भी मिलेगा, जहां व्यापारी अपना सामान रख सकेंगे। वर्तमान बाजार में सिर्फ चबूतरा भर है, स्टोरेज के लिए स्थान नहीं है। इसके साथ ही भवन के बेसमेंट में पार्किंग रहेगा, जहां 50 कार और 170 बाईक एक समय में पार्क किया जा सकेगा। भवन के प्रथम तल में 66 दुकानें भी तैयार की जाएंगी। इसके अलावा बिल्डिंग में व्यापारियों और नागरिकों के लिए टायलेट भी बनाया जाएगा। अभी के बृहस्पतिबाजार में यह सुविधा नहीं है और पास के सुलभ शौचालय में लोगों को जाने की मजबूरी है।

### व्यवस्थापना के लिए जगह देने से मिशन स्कूल का इनकार

बृहस्पतिबाजार के पुनर्विकास और कायाकल्प करने के लिए वहां व्यवसाय कर रहे सब्जी विक्रेताओं को निर्माण तक के लिए पास के ही मिशन स्कूल मैदान में अस्थाई बाजार बनाकर देने की बात नगर निगम द्वारा पूर्व में कही गई थी। व्यापारियों के शिफ्टिंग के पहले स्कूल मैदान में 224 चबूतरों का निर्माण कराया जाना था और शेड भी लगाया जाना था। लेकिन उस समय मिशन स्कूल प्रबंधन ने सब्जी विक्रेताओं के व्यवस्थापना के लिए अपना मैदान देने से इनकार दिया था।

### नहीं बनी सहमति

बृहस्पतिबाजार में नया आधुनिक सब्जी मार्केट निर्माण की योजना है। इसके लिए पहले वहां के दुकान वालों और सब्जी विक्रेताओं को जगह खाली करना होगा। नगर निगम ओर से बृहस्पतिबाजार दुकान वालों को नोटिस दिया गया है। पहली बैठक भी हुई है जिसमें अभी सहमति नहीं बन पाई है।

**-खजांची कुम्हार**, अपर आयुक्त, नगर निगम

---

**बीच में कहीं भी पैरों के निशान नहीं, फिर भी अलर्ट वन विभाग की टीम**

# खोंदरा के बाद सीधे चैतमा में मिला हाथी का पग मार्क, ट्रेस कर रहा वन विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सीपत क्षेत्र में हाथी के पैरों के निशान सुबह तक खोंदरा के जंगल में मिले, जिसके बाद उन्हें सूचना मिली कि हाथी चैतमा पाली पहुंच गया है। इस दौरान वन विभाग की टीम ने खोंदरा से पाली के बीच पैरों के निशान की खोजबीन की, लेकिन पगमार्क उन्हें कहीं नहीं मिला। इससे हाथी के सीपत और खोंदरा के जंगल में होने की आशंका पर विभाग की टीम अभी भी मौके पर अलर्ट होकर लोकेशन ट्रेस करने में लगी हुई है।

सीपत और बेलतरा वन परिक्षेत्र में एक हाथी पिछले 8-10 दिन से विचरण कर रहा है। वन विभाग की ओर से हाथी का बिलासपुर वन मंडल के सीपत में आगमन बिल्हा और ठरकपुर से हुआ है, जिसकी सूचना मिलने के बाद से लगातार निगरानी की जा रही है। सीपत से तीन किलोमीटर दूर पर नरगोड़ा गांव में किशोर हाथी के आने से पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मची हुई है। ग्रामीण हाथी से भयभीत होकर अपने-अपने घरों में ही दुबके हुए हैं। अकेला हाथी झुंड से भटकने के बाद पोड़ी और ठरकपुर के क्षेत्र में आतंक मचाने के साथ खेतों की फसल भी रौंद रहा है। इस दौरान हाथी ने पिछले दो दिन के दौरान चार ग्रामीणों को घायल करने के साथ एक महिला को पटककर पैरों से दबा दिया है। इसके कारण महिला की मौत हो गई है। हाथी के आतंक की वजह से ग्रामीण भी काफी दहशत में हैं।

वहीं बिलासपुर वन मंडल के एसडीओ टीआर मरई, रेंजर शुभम मिश्रा व अन्य टीम के अलावा उड़नदस्ता की टीम मौके पर मौजूद है। वन विभाग लगातार ग्रामीण एरिया में मुनादी कराने के साथ लोगों को घर के बाहर नहीं निकलने का अनुरोध कर रही है, जिसमें पंचायत, तहसील और लोकल पुलिस का भी सहयोग लिया जा रहा है। शनिवार को हाथी का मूवमेंट लिम्हा के बाद खोंदरा में पहुंच गया था, जहां सूचना मिलने के बाद वन मंडल की टीम भी पहुंचकर लोकेशन को ट्रेस करने लगी। इस दौरान हाथी का पग मार्क मिला। शाम को विभाग को सूचना मिली कि हाथी कोटापानी चैतमा पाली रेंज में पहुंच गया है, जिसके पग मार्क को वहां देखा गया है। फिलहाल हाथी के अभी भी खोंदरा के आसपास होने का संकेत विभागीय टीम को मिल रहा है, जिसके कारण अधिकारियों ने टीम को वहां सतर्क रहने का आदेश दिया है।



सीपत क्षेत्र के खोंदरा के जंगल में मिले हाथियों के पैरों के निशान।

**मृतका के परिजन को 25 हजार:** एक दिन पहले हाथी के हमले से सीपत क्षेत्र में एक महिला की मौत हो गई और तीन व्यक्ति घायल हो गए थे। घायलों का उपचार सिम्स और निजी अस्पताल में किया जा रहा था। महिला का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। शनिवार को बिलासपुर वन वृत्त के मुख्य वन संरक्षक मनोज पाण्डेय ने गांव पहुंचकर मृत महिला के परिजन को तत्काल 25 हजार की सहायता राशि दी। वहीं 500-500 रुपए घायलों को दिया गया है।

### लिम्हा तक मिला है पगमार्क

सुबह से शाम तक हाथी का पगमार्क लिम्हा तक मिला, जिसके बाद जानकारी मिली कि हाथी के पैर के प्रिंट कोटापानी चैतमा पाली में भी मिले हैं। इस बीच संबंधित रास्ते में पग मार्क और ट्रेल की खोजबीन की गई, लेकिन पग मार्क कहीं नहीं मिला है। टीम अभी भी रिस्क नहीं ले रही है, जिसकी वजह से विभागीय अमला अभी भी मौके पर डटा हुआ है।

**-शुभम मिश्रा,** रेंजर, वन मंडल बिलासपुर

---

# नेशनल लोक अदालत में 55 लाख 27 हजार मामलों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नेशनल लोक अदालत में आज प्रदेश भर की तमाम अदालतों में कुल 55 लाख 27 हजार 165 मामले सुलझाए गए और 6 अरब 49 करोड़ 35 लाख 93 हजार 768 रुपए की अवॉर्ड राशि पारित की गई। इनमें आपराधिक समझौता योग्य मामले, दीवानी मामले, राजस्व मामले, मुकदमे से पहले के मामले और ट्रैफिक चालान मामले सभी शामिल हैं।



चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा।

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश और छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मुख्य संरक्षक, न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने राज्य के सभी 23 जिलों में वर्ष की चौथी और अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत की कार्यवाही का व्यापक वर्चुअल निरीक्षण और मूल्यांकन किया। उच्च न्यायालय से वर्चुअली जुड़कर मुख्य न्यायाधीश ने कार्रवाई की बारीकी से निगरानी की और सभी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीशों के साथ बातचीत की। लोक अदालत के लिए गठित दो बेंचों का दौरा किया और उनसे बातचीत की, जिनकी अध्यक्षता जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा और जस्टिस बिभु दत्ता गुरु कर रहे थे। आज शनिवार 13 दिसंबर को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में छत्तीसगढ़ भर में उच्च न्यायालय, जिला और सत्र न्यायालय, तालुका स्तर के न्यायालय और राजस्व न्यायालय शामिल हैं, कुल 55,27,165 मामले (आपराधिक समझौता योग्य मामले, दीवानी मामले, राजस्व मामले, मुकदमे से पहले के मामले और ट्रैफिक चालान मामले सहित) सुलझाए गए और 6,49,35,93,768/- रुपये की अवॉर्ड राशि पारित की गई। चीफ जस्टिस ने चीफ जस्टिस ने जस्टिस संजय के. अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ सालसा ,जस्टिस पार्थ प्रतीम साहू, अध्यक्ष, हाईकोर्ट लीगल सर्विस कमेटी , सभी प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट और सेशंस जजों, फैमिली कोर्ट के जजों, लोक अदालत बेंच के सभी पीठासीन अधिकारियों, वकीलों, पार्टियों और सभी हितधारकों का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## दो सूने मकान में चोरों का धावा, फुटेज लेकर जांच में जुटी पुलिस

**बिलासपुर।** सकरी थाना क्षेत्र के नारायणी होम्स, सम्बलपुरी कालोनी में चोरों ने दो सूने मकानों को निशाना बनाते हुए चोरी की घटना को अंजाम दिया है। दोनों मकानों के ताले तोड़कर चोर अंदर घुसे और नकदी समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। इसकी शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

दूसरी बटालियन सकरी के प्रधान आरक्षक शिववीर सिंह चौहान ने पुलिस को बताया कि उनके परिचित शिशुपाल भदौरिया का मकान नारायणी होम्स कालोनी में है। वे 21 नवंबर को अपने परिवार सहित वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मध्यप्रदेश के भिण्ड चले गए थे। जाने से पहले उन्होंने अपने मकान में ताला लगाकर चाबी जीवन सिंह बोरा को दिया था। इसी कालोनी में रहने वाले विपिन यादव भी 25 नवंबर को अपने परिवार सहित पैतृक बलिया उत्तरप्रदेश चले गए थे। उन्होंने अपने मकान की चाबी आयुष क्षत्री को दी थी। कालोनी में रहने वाले सन्नी वस्त्रकार ने शुक्रवार की शाम करीब 6 बजे देखा कि दोनों मकानों के सामने के गेट खुले हुए हैं और अंदर लाइट जल रही है।

उन्होंने इसकी सूचना आसपास के लोगों को दी। इसके बाद शिववीर सिंह चौहान, आयुष क्षत्री, जीवन सिंह बोरा एवं अन्य लोग मौके पर पहुंचे। वहां दोनों मकानों के सामने लगे ताले टूटे हुए मिले। विपिन यादव ने बताया कि उनके घर से लगभग 15 हजार रुपए नकद गायब हैं, जबकि शिशुपाल भदौरिया ने बताया कि उनके यहां से पांच हजार रुपए नकद चोरी हुए हैं।

---

# मनमाने बिल से उपभोक्ता परेशान, गलत रीडिंग का आरोप



**बिलासपुर।** बिजली विभाग द्वारा मनमाने तरीके से बिलिंग करने का मामला सामने आया है। गतौरी वितरण केन्द्र, सेन्दरी की दर्जनभर महिला उपभोक्ता कलेक्टर कार्यालय पहुंचे।

इस दौरान उनके हाथ में बिल की पर्ची थी। महिलाओं का आरोप है कि बिजली विभाग गलत रीडिंग कर बिल भेज रहा है, जिसके चलते गरीब और मजदूरी करने वाले उपभोक्ताओं को 40 से 50 हजार का बिल मिल रहा है। महिलाओं ने कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में बिल माप करने की फरियाद की है। दो कमरे, दो सीएफएल और एक पंखा चलाकर गुजर बसर करने वाले ग्रामीण मजदूरों को बिजली विभाग ने मनमाना बिल भेज दिया है। जिसके बाद सेन्दरी के गतौरी क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। उपभोक्ता अपनी फरियाद लेकर बिजली विभाग के कार्यालय में शिकायत की है, लेकिन अधिकारियों ने उन्हें उलटे पैर ही लौटा दिया है, जिसके बाद करीब दर्जन भर महिलाएं कलेक्टर कार्यालय पहुंच गई। इस दौरान महिलाओं के हाथों में बिजली विभाग द्वारा जारी किए गए मनमाने बिल थे, महिलाओं का आरोप है कि क्षेत्र में कभी भी रीडिंग नियमित नहीं कराई जाती है, ऐसे में एकमुश्त भारी भरकम राशि बिजली विभाग द्वारा भेज दिया गया है। मजदूरी कर भरण षोषण करने वाले उपभोक्ताओं का हाल बेहाल हो चुका है।

### इन लोगों को मिला है बिल

| उपभोक्ता का नाम | बीपी नंबर | राशि |
|---|---|---|
| धनीराम मंगेश | 10006592900 | 53540 रू |
| फेकूलाल सूर्यवंशी | 10006592605 | 31460 रू |
| प्रमोद कुमार | 1006592955 | 48180रू |
| जमुना प्रसाद | 1006592893 | 52530 रू |
| बलदाउ | 1004593693 | 47560 रू |
| यशोदाबाई | 1006732751 | 39680 रू |
| सुखीराम | 1006593006 | 35000 रू |

### सुधार करा सकते हैं

जिन उपभोक्ताओं को बिल अधिक आने की समस्या है, वे सभी कार्यालय आकर अपना बिल सुधार करा सकते हैं। मेरी जानकारी में बिलिंग गलत नहीं की गई है, कई महीनों से बकाया भुगतान नहीं किया गया होगा, इसलिए बिल के साथ पेनाल्टी भी जोड़ दी गई होगी।

**-शिखा खांडेकर,** सहायक यंत्री, सेंदरी

## रिटायर्ड अधिकारी के परिवार को समाज से किया बहिष्कृत, 4 गिरफ्तार

**बिलासपुर।** बेटे ने दूसरे समाज की लड़की से शादी की तो रिटायर्ड अधिकारी के परिवार को समाज से बहिष्कृत करने के मामले में फरार समाज के चार लोगों को गिरफ्तार कर मुचलका जमानत पर रिहा कर दिया है।

ज्ञात हो कि डीपूपारा निवासी रिटायर्ड अधीक्षक कमल किशोर परवार के बेटे हितेश परवार ने 4 नवंबर 2024 को साहू समाज के युवती से शादी कर ली थी। दूसरे समाज की युवती से शादी करने पर पनिका समाज के प्रांतीय पदाधिकारियों ने उनके परिवार को समाज से बाहर कर दिया था। किसी भी समाजिक कार्यक्रम में नहीं बुलाया जाता था और न ही कोई उनके परिवार के कार्यक्रम में शामिल होते थे। शादी के बाद उन्होंने अपनी बहू को पनिका समाज में शामिल करने जिला पनिका समाज के अध्यक्ष को आवेदन दिया था। 1 दिसंबर 2024 को दीनदयाल गार्डन व्यापार विहार में जिला व प्रांतीय पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक हुई थी। जिसमें यह सहमति बनी कि उनकी बहू को समाज में शामिल किया जा सकता है। शादी मिलन कार्यक्रम के लिए दो तारिखें तय की गई थीं, लेकिन प्रांतीय पदाधिकारी इनमें शामिल नहीं हुए। 1 फरवरी 2025 को जिला अध्यक्ष और लगभग 70 से 80 समाज के लोगों की मौजूदगी में शादी मिलान पुरा किया गया। 2 मार्च को शादी का रिसेप्शन भी रखा गया। इसकी जानकारी होने पर समाज के पदाधिकारियों ने उनके परिवार को समाज से बाहर कर दिया। पुलिस ने श्री परवार की रिपोर्ट पर जेआर साकत, थानूराम बघेल, दशरथ साकत, वंशधारी सावरा के खिलाफ धारा 4, 7 सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम के तहत जुर्म दर्ज कर लिया था। एसआई अमृत साहू ने बताया, उक्त में 13 दिसंबर को चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर मुचलका जमानत पर रिहा कर दिया गया है।

---






# समिति के सदस्य बिलासपुर लौटे, जारी रहेगा संघर्ष

**बिलासपुर।** हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति का प्रतिनिधिमंडल दिल्ली में एयरपोर्ट और हवाई सुविधा विस्तार की सफल मुहिम चला बिलासपुर वापस आ चुके हैं।

समिति केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री और केंद्रीय रक्षा मंत्री से मुलाकात के अलावा दिल्ली में सांकेतिक धरना प्रदर्शन करने सफल रही है। समिति के सदस्यों ने केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू,सांसद डॉ ज्योत्सना महंत, सांसद बृजमोहन अग्रवाल व मध्यप्रदेश सांसद विवेक तनखा का आभार व्यक्त किया है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने कहा कि महानगरों तक सीधी उड़ान और 4सी एयरपोर्ट निर्माण के लिए नागरिक उड्डयन मंत्री राम



मोहन नायडू से चर्चा की गई है।रक्षा मंत्रालय के राज्य मंत्री संजय सेठ ने धनराशि या ब्याज के मसले पर एयरपोर्ट विस्तार हेतु आवश्यक 290 एकड़ भूमि का हस्तांतरण देरी नहीं करने की बात कही है। समिति के सदस्यों ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत के धरने में शामिल होने से आंदोलन को बड़ी शक्ति मिली है। वहीं अबब 4 सी एयरपोर्ट निर्माण और महानगरों तक सीधी उड़ान तक जन संघर्ष जारी रहेगा।

इस दौरान रवि बनर्जी, अनिल गुलहरे, नारद श्रीवास, भैय्यू सिंह, नितिन पात्र, प्रतीक तिवारी, महेश दुबे,संतोष पीपलवा मोहसिन अली साबर अली शामिल रहे।







## प्रतियोगिताओं का आयोजन होते रहने चाहिए: एसपी

# खेलने से कर्मचारियों का तनाव होता है कम: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

■ डीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-2 का उद्घाटन

शिक्षक मैत्री समूह जीपीएम की ओर से आईपीएल की तर्ज पर 'डीपीएल' डिपार्टमेंटल प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-2 का उद्घाटन फिजिकल कॉलेज खेल मैदान पेंड्रा में शनिवार को किया गया। टूर्नामेंट में भाग लेने वाली सभी टीमें जिले के विभिन्न विभागों के सरकारी अधिकारियों-कर्मचारियों की हैं। उद्घाटन समारोह में उपस्थित कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने कहा कि, सरकारी अधिकारी-कर्मचारी अपने दायित्वों के निर्वहन के दौरान तनाव महसूस करते हैं।

इस तरह का आयोजन तनाव प्रबंधन का तरीका है। एसपी एसआर भगत ने कहा, जिले के समस्त विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों में एकता, समन्वय स्थापित करने के लिए इस तरह के आयोजन होते रहने चाहिए। सभी का समन्वय जिले के विकास का नया अध्याय लिखेगा। जिपं उपाध्यक्ष राजा उपेन्द्र बहादुर सिंह ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि, इस तरह का आयोजन जन प्रतिनिधियों के लिए भी होना चाहिए। शिक्षक मैत्री समूह के संयोजक नागेन्द्र सिंह ने स्वागत भाषण दिया एवं कमेंट्री अजय चौधरी ने किया। मैच का यूट्यूब पर लाइव टेलीकास्ट किया जा रहा है। शिक्षक मैत्री समूह के इस आयोजन समिति में नागेन्द्र सिंह, रितेश सिंह, अंबुज मिश्रा, जितेन्द्र जायसवाल, विनोद तिग्गा, संजय कैवर्त, संजय टांडिया शामिल हैं। इस अवसर पर जिपं उपाध्यक्ष राजा उपेन्द्र बहादुर सिंह, नपा पेंड्रा व गौरेला अध्यक्ष राकेश जालान व मुकेश दुबे, कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी, एसपी एसआर भगत, जिपं सीईओ मुकेश रावटे, एएसपी ओम चंदेल, अपर कलेक्टर अमित बेक, एसडीएम विक्रांत अंचल, देवेंद्र सिरमौर, आकांक्षा पांडे, विश्व हिंदू परिषद जिलाध्यक्ष हर्ष छाबरिया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश चतुर्वेदी, पवन सुल्तानिया, पंकज तिवारी, निर्माण जायसवाल, जिपं सदस्य पवन पैकरा, तहसीलदार अविनाश कुजूर, प्रीति शर्मा, जनपद सीईओ नम्रता शर्मा, कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला संयोजक डॉ संजय शर्मा, महासचिव सत्य नारायण जायसवाल, डॉ. योगेश तिवारी, सौरभ सुल्तानिया, प्रवेश शर्मा, टीका दास मराबी, रिंकू सरदार, बलराम तिवारी, सतीश यादव, विशाल ठाकुर, विक्रांत सिंह इत्यादि उपस्थित थे।




### डीपीएल में हिस्सा लेने वाली टीमें

प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाली टीमों में कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी की टीम जीपीएम चैलेंजर, एसपी एसआर भगत की टीम पेंड्रा ईगल, जिपं सीईओ मुकेश रावटे मलनिया मास्टर, अपर कलेक्टर अमित बेक बस्ती बगरा, ओम चंदेल राजमेरगढ़, एसडीएम विक्रांत अंचल गौरेला फाइटर, एसडीएम देवेंद्र सिरमौर मरवाही मेवरिक्स, डीईओ रजनीश तिवारी केवची टस्कर्स और एसडीओपी दीपक मिश्रा की टीम पतगवा पेंथर शामिल है।

### पहले दिन के मैच के परिणाम

प्रतियोगिता का पहला मैच बस्तीबगरा और गौरेला फाइटर बस्तीबगरा के बीच खेला गया, जिसमें गौरेला फाइटर ने बाजी मारी। वहीं दूसरा मैच राजमेरगढ़ और पतगवा पैंथर के बीच हुआ, जिसमें राजमेरगढ़ ने जीत दर्ज की।

## एसपी ने बच्चों को दिया प्रतियोगी परीक्षाओं पर मार्गदर्शन



■ कोतरी में पहल 2.0 कार्यक्रम, 650 बच्चों ने लिया भाग

**लोरमी।** अंतर्गत शासकीय कोतरी माध्यमिक हायर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को पहल 2.0 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस शैक्षणिक एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम में जिले के पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के करीब 650 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति रुचि जागृत करना, बौद्धिक क्षमता को प्रोत्साहित करना तथा सामाजिक और नैतिक मूल्यों से उन्हें जोड़ना रहा। इस दौरान पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने बच्चों से यूपीएससी और पीएससी परीक्षाओं की तर्ज पर जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिक शास्त्र, राजनीतिक विज्ञान सहित विभिन्न विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे। छात्र-छात्राओं ने पूरे आत्मविश्वास के साथ प्रश्नों के उत्तर दिए और कार्यक्रम को ज्ञानवर्धक एवं रोचक बना दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों से भारतीय संस्कृति और नैतिक शिक्षा से जुड़े प्रश्न भी पूछे गए। साथ ही रामायण के संदर्भ में भगवान श्रीराम के 14 वर्ष के वनवास जाने से संबंधित प्रश्न भी किए गए। इस पर विद्यार्थियों ने बताया कि, भगवान श्रीराम अपने माता-पिता की आज्ञा का पालन करने वाले, त्यागी और अपनी प्रजा के प्रति संवेदनशील पुत्र थे।

## लोक अदालत में पति-पत्नी के बीच कराया गया समझौता



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

नेशनल लोक अदालत में परिवार न्यायालय मुंगेली के समक्ष रखे गए प्रकरण में पति-पत्नि के मध्य री-यूनियन करवाकर प्रकरण का निपटारा किया गया। प्रकरण की आवेदिका एवं अनावेदक के मध्य विवाह के पूर्व प्रेम संबंध था, जिसके परिणाम स्वरूप दोनों ने 23 जून को डोंगरगढ़ मंदिर में शादी की थी। वापस घर आने पर परिवार के बहकावे में आकर पति ने पत्नी को अपने साथ रखने से इंकार कर दिया। परेशान पत्नी अपने पति के विरूद्ध स्वयं के भरण-पोषण का मामला परिवार न्यायालय मुंगेली प्रस्तुत किया था। प्रकरण में परिवार न्यायालय मुंगेली के पीठासीन अधिकारी राजीव कुमार ने पति एवं पत्नी के मध्य काउंसलिंग कर उन्हें पुराने विवादों को भूलकर जीवन को नए सिरे से शुरू करने एवं पति-पत्नि के रूप में साथ रहने की समझाईश दी। इसके सकारात्मक परिणाम सामने आए एवं उभयपक्षों की सहमति से पति-पत्नि के मध्य री-यूनियन स्थापित की गई।



### लोक अदालत व निशुल्क आयुर्वेद स्वास्थ्य शिविर

**पेंड्रा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिराजुद्दीन कुरैशी के मार्गदर्शन में व्यवहार न्यायालय पेंड्रारोड परिसर में नेशनल लोक अदालत के अवसर पर निशुल्क आयुर्वेद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन आवाज आयुर्वेद संगठन एवं जिला आयुष विभाग, जीपीएम के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस शिविर का उद्देश्य आमजन को आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति, रोग निवारण एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना रहा। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य परामर्श लिया एवं आयुर्वेदिक उपचार की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में प्रथम जिला न्यायाधीश ज्योति अग्रवाल, द्वितीय जिला न्यायाधीश एकता अग्रवाल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महेश बाबू साहू एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कुमारी सीमा जगदल्ला की उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने आयुर्वेद के महत्व, उसकी वैज्ञानिकता तथा वर्तमान समय में इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला। आवाज आयुर्वेद संगठन की ओर से डॉ संदीप शाह, डॉ सोमेश कुशवाहा एवं डॉ विवेक साहू ने शिविर में सक्रिय सहभागिता निभाई। चिकित्सकों ने आयुर्वेदिक चिकित्सा, रोगों की रोकथाम एवं प्राकृतिक उपचार पद्धतियों की जानकारी दी। नेशनल लोक अदालत के दौरान न्यायाधीश ज्योति अग्रवाल ने हिन्दू विवाह अधिनियम के एक प्रकरण में पति-पत्नी को राजीनामा के आधार पर समझाइश दी।

### बाल कल्याण समिति की भर्ती के लिए साक्षात्कार 17 को

**मुंगेली।** जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत बाल कल्याण समिति के लिए सहायक सह कंप्यूटर ऑपरेटर, चाइल्ड हेल्पलाइन के लिए परियोजना समन्वयक, परामर्शदाता, चाइल्ड हेल्पलाइन सुपरवाइजर केस वर्कर के पद पर भर्ती की जा रही है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग संजुला शर्मा ने बताया कि, भर्ती के लिए दस्तावेज सत्यापन, कौशल परीक्षा एवं साक्षात्कार 17 दिसंबर को लाइवलीहुड कॉलेज जमकोर में सुबह 9 बजे से लिया जाएगा। श्रीमति शर्मा ने बताया कि अभ्यर्थियों को निर्धारित शैक्षणिक योग्यता, अनुभव संबंधी प्रमाण पत्र एवं वेतन पर्ची बैंक स्टेटमेंट आदि आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित समय एवं स्थान पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करना है। अभ्यर्थी जिला मुंगेली के वेबसाइट एवं कार्यालय की सूचना पटल पर मेरिट सूची का अवलोकन कर सकते हैं।

## पोषण आहार एवं महिला राहत सहयोग सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतनपुर



क्षितिज समाजसेवी संस्था की ओर से ग्राम कारीछापर के प्राइमरी प्री-स्कूल में पोषण आहार एवं महिला राहत सहयोग कार्यक्रम के तहत सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिलमें आसपास के 10 गांवों के ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पाली विधायक तुलेश्वर सिंह रहे एवं अध्यक्षता क्षितिज समाजसेवी संस्था के सचिव ज्ञानाधार शास्त्री ने की। साथ ही जनपद सदस्य पाली सुरेश निषाद, ग्राम सिल्ली की सरपंच संध्या उरांव, ग्राम शिवपुर के सरपंच, विधायक प्रतिनिधि हरिसिंह नेताम सहित अन्य उपस्थित रहे। संस्था की ओर से भुवनेश्वरी सिंह मरावी अध्यक्ष, अशोक मरावी, कांति सिंह, लाखन सिंह बैगा, श्रीज्ञान चंदवाजी, ग्राम मुखिया उतरा भारतीय, सुखदेव भाई, कृष्णजी, अर्जुन दास सहित अन्य ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया। मुख्य अतिथि विधायक सुरेश सिंह ने समाजसेवी प्रयासों की सराहना करते हुए ऐसे कार्यक्रमों को निरंतर आगे बढ़ाने की बात कही।

ग्राम सिल्ली के बधिया पारा एवं पोलमी कारीछापर में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों को स्कूल ड्रेस, सैंडल, बैग, पुस्तक-कॉपी सहित दूध व बिस्किट वितरित किए गए। वहीं महिलाओं को चावल एवं दाल के पैकेट प्रदान किए गए।

कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम सिल्ली की सरपंच संध्या देवी, ज्ञान भाई, पंचायत के जनप्रतिनिधियों तथा ग्रामीणों का सराहनीय सहयोग रहा। इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं करमा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

## 50 कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जत्था दिल्ली रवाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली कांग्रेस की विशाल रैली में शामिल होने के लिए जीपीएम से कांग्रेस कार्यकर्ताओं का एक बड़ा जत्था जिला कांग्रेस अध्यक्ष गजमाती भानु एवं अर्चना पोर्ते के नेतृत्व में दिल्ली के लिए रवाना हुआ।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष गजमाती भानु ने कहा कि, यह रैली लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के साथ-साथ जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। अर्चना पोर्ते ने कहा कि, इस रैली के माध्यम से आदिवासी समाज, किसान, युवा एवं महिलाओं से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को राष्ट्रीय मंच पर रखा जाएगा।

जत्थे में मुख्य रूप से शंकर कंवर, ममता पैकरा, पवन सिंह, विवेक पोर्ते, तेजराजपूत, गणेश मार्को, कृष्ण पटेल, सुनीता यादव, सुनीता टिमोथी, सुनीता राठौर, रीता कंवर, उपेंद्र उइके, राजेश यादव, बहादुर पोर्ते, फत्तेसिंह, गेंदलाल पोर्ते सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हैं।

## जिला ग्रंथालय के 10 बच्चे आरक्षक परीक्षा में चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



छत्तीसगढ़ पुलिस भर्ती के परिणाम में जिला ग्रंथालय के 10 छात्रों के नाम सामने आए है जिनकी संख्या और भी बढ़ सकती है। चयनित युवाओं के कठिन परिश्रम, ईमानदारी और लक्ष्य के प्रति समर्पण के कारण जिला ग्रंथालय को उपलब्धि मिली।

जिला प्रशासन द्वारा संचालित जिला ग्रंथालय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों में जुटे प्रतिभागियों एवं अध्ययन में रूचि रखने वाले प्रतिभागियों के लिए जिला ग्रंथालय मुंगेली मील का पत्थर साबित हो रहा है। जिला ग्रंथालय में लगभग 1 हजार 100 छात्रों का पंजीयन के साथ इन विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओ की तैयारी के लिए लगभग 5 हजार पुस्तकें उपलब्ध हैं, जिसका लाभ प्रतिदिन 100 से 150 छात्र उठा रहे हैं। अध्ययन करने वाले परीक्षार्थी अपने समयानुसार यहां दिन भर बैठकर अपनी तैयारी कर सकते हैं। शांत माहौल और पढ़ाई के लिए उचित वातावरण में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर युवा अपना सुनहरा भविष्य और अपने जीवन को सफल बनाने में लगे हुए हैं। नगर ही नहीं पूरे जिले में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के केन्द्र के रूप में स्थापित हो रहा है। वर्तमान में छत्तीसगढ़ पुलिस भर्ती के परिणाम में जिला ग्रंथालय के होनहार 10 छात्रों के नाम सामने आए हैं, जिनकी संख्या और भी बढ़ सकती है। चयनित युवाओं के कठिन परिश्रम, ईमानदारी और लक्ष्य के प्रति समर्पण के कारण जिला ग्रंथालय के नाम ये उपलब्धि रही। ग्रंथालय प्रमुख देवशंकर श्रीवास्तव ने सभी चयनित विद्यार्थी मंदाकिनी सोनकर, अमित कुमार यादव, हितेश्वरी पटेल, महेश कुमार, शिवचरण यादव, हरीश जायसवाल, महेन्द्र कुमार, देविका सागर, चंद्रपाल साहू, विजय पटेल को शुभकामनाएं दी है। जिला ग्रंथालय के चयनित सभी युवाओं एवं स्टाफ ने कलेक्टर कुन्दन कुमार, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय एवं जिला शिक्षा अधिकारी एलपी डाहिरे का विशेष आभार प्रकट किया है।

### लहान सहित 30 बल्क लीटर महुआ शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार



**लोरमी।** आबकारी विभाग ने गांव में दबिश देकर आरोपी के खेत में रखी कच्ची महुआ शराब एवं महुआ लाहन जब्त कर लिया। कलेक्टर के निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी रविशंकर साय के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा लगातार अवैध शराब बिक्री के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 13 दिसम्बर को मुखबिर की सूचना के आधार पर टीम ने ग्राम गोरखपुर निवासी आरोपी तुकाराम यादव के खेत की विधिवत तलाशी ली। तलाशी के दौरान कोयलार नाला के पास आरोपी के कब्जे से 30 बल्क लीटर कच्ची महुआ शराब एवं 400 किलो महुआ लाहन जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 34(1)(क) (च)34(2) एवम 59(क) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

## गुरु घासीदास जयंती मेले की तैयारियां जोरों पर



**लालपुर।** सतनामी कल्याण समिति बंधवा के तत्वाधान में इस वर्ष संत गुरु घासीदास की जयंती के अवसर पर लालपुर धाम में तीन दिवसीय मेले का आयोजन 18 दिसम्बर से 20 दिसंबर तक किया जा रहा है।

सतनामी कल्याण समिति के अध्यक्ष गोटिया फणीश्वर पाटले ने बताया कि, 1962 में स्व अंजोर दास पाटले एवं समाज की अगुवाई में मेले का शुभारंभ किया गया, जिसका आयोजन इस वर्ष भी गुरु घासीदास की 269वीं जयंती पर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि, मेले की लालपुर धाम में जोरो से चल रही है। श्री पाटले ने बताया कि, जब से मेले की शुरुआत हुई है तब से मेले में बड़े नेताओं को आगमन होते आ रहा है। इसी क्रम में प्रदेश के मुखिया सीएम विष्णु देव साय को आमंत्रित किया गया है। राज महंत भुनेश्वर पाटले ने बताया कि, इस वर्ष मेले में लगभग 25 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है, जिनके तैयारी की जा रही है। आयोजन को सफल बनाने रामकुमार पात्रे, गोटिया लोकेश्वर पाटले, गौकरण भास्कर, संत प्रसाद पात्रे, डीएल भास्कर, तीरथ खूंटे, पुनदास घृतलहरे, रोहित घृतलहरे, मनोज पात्रे, रमेश डाहीरे, कमरू बंजारे, राजेंद्र टंडन, राज पात्रे, हर्षनेश पात्रे, प्रकाश बघेल सरपंच, भूखाऊ ग्रीतलहरे, करण खांडे, लक्ष्मी घृतलहरे आदि जुटे हुए हैं।

## ग्रामीणों को होगी आवागमन में सहूलियत, मिलेगी सुविधा

# कुकुसदा-तखतपुर सड़क मरम्मत के लिए 25 करोड़ 56 लाख स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया



विखं के ग्राम कुकुसदा से गुजरने वाला 17 किलोमीटर लंबा बरेला-तखतपुर मार्ग अब संवरने जा रहा है। क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व मंत्री पुन्नूलाल मोहले की मांग और अनुशंसा पर कुकुसदा-बरेला-तखतपुर मार्ग के लिए लोकनिर्माण विभाग की ओर से 25 करोड़ 56 लाख 45 हजार रुपए स्वीकृति किए गए हैं।

इस राशि से सड़क का चौड़ीकरण और मजबूतीकरण किया जाएगा। वर्तमान सड़क अत्यधिक जर्जर हो चुकी है एवं कुकुसदा सहित आसपास के 10 से 12 गांवों के ग्रामीण इसी मार्ग से आवागमन करने को मजबूर हैं एवं भारी समस्याओं का सामना कर रहे हैं। मार्ग को प्रशासकीय स्वीकृति मिलने से क्षेत्र के ग्रामीणों को बेहतर सड़क मिलने की उम्मीद बढ़ गई है। लौदा मंडल के भाजपा मंडल अध्यक्ष अभिलाष त्रिवेदी ने बताया कि, सड़क मरम्मत और चौड़ीकरण की मांग हजारों ग्रामीणों द्वारा लगातार की जा रही थी, जिसे देखते हुए विधायक पुन्नूलाल मोहले ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से इस सम्बंध में चर्चा कर स्वीकृति प्रदान करने की अनुशंसा की थी। जनपद अध्यक्ष चित्ररेखा मनीष जांगड़े ने कहा कि, विधायक पुन्नूलाल मोहले द्वारा क्षेत्रवासियों को सुगम आवागमन की सुविधा दिलाने नवीन सड़को का निर्माण, पुराने सड़को की मरम्मत, चौड़ीकरण का कार्य कराया जा रहा है, जो ग्रामीण क्षेत्रों को आसपास के बड़े शहरों से जोड़ने का महत्वपूर्ण काम करेगा। जनपद उपाध्यक्ष दीपिका चंद्रशेखर कौशिक ने ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों को सुगम बनाने की पहल के लिए आभार जताया।

### वर्षों पुरानी मांग हुई पूरी

कुकुसदा क्षेत्र के ग्रामीणों की सड़क मरम्मत की मांग वर्षों पुरानी है, जो अब जाकर पूरी होने वाली है। सड़क खराब होने के कारण क्षेत्र के ग्रामीणों को पथरिया से तखतपुर मुख्य मार्ग पर आवागमन करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, वहीं इस क्षेत्र के व्यापारियों को भी मुसीबतों का सामना करना पड़ता था। ऐसे में सड़क की मरम्मत व चौड़ीकरण क्षेत्रवासियों की प्राथमिक मांग रही है।

### हमने बनाया है, हम ही सवारेंगे: मोहले

लोमीटर की सड़क के लिए राशि स्वीकृत होने पर क्षेत्रीय विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि, यह सड़क किसी समय मेरे ही द्वारा बनवाई गई थी। आज क्षेत्र में आवागमन बढ़ा और ग्रामीणों की आकांक्षाओ के अनुरूप फिर से इस सड़क का चौड़ीकरण होने जा रहा है। भाजपा सरकार के नारे 'हमने बनाया है, हम ही सवारेंगे' की तर्ज पर कार्य किया जा रहा है।

## 24 घंटे खुलेगा तूंहर टोकन एप, किसानों को होगी सुविधा

**मुंगेली।** प्रदेश के किसानों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए तूंहर टोकन एप को अब 24x7 खोल दिया गया है। अब मोबाइल एप से टोकन काटने के लिए किसी निर्धारित समय की बाध्यता नहीं रहेगी। किसान दिन-रात किसी भी समय अपनी सुविधा के अनुसार टोकन बुक कर सकेंगे।

अब किसान 13 जनवरी तक अगले 20 दिनों तक के लिए टोकन ले सकते हैं। इससे किसानों को धान विक्रय की योजना बनाने और टोकन प्राप्त करने में पर्याप्त समय मिलेगा तथा भीड़ और तकनीकी दबाव की समस्या से राहत मिलेगी। इसके साथ ही राज्य सरकार द्वारा 2 एकड़ एवं 2 एकड़ से कम रकबा वाले किसान अब 31 जनवरी तक तुंहर टोकन एप से टोकन ले सकेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर लघु किसनों के लिए यह सुविधा मुहैया कराई गई है। उल्लेखनीय है कि, टोकन प्रत्येक सहकारी समिति को आबंटित सीमा के भीतर ही जारी किए जाएंगे। किसानों से आग्रह है कि वे समय रहते तूहर टोकन ऐप के माध्यम से टोकन प्राप्त करें और किसी भी असुविधा से बचें। किसानों की सुविधा और पारदर्शी व्यवस्था हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। तूहर टोकन ऐप को 24x7 खोलने और समय की बाध्यता समाप्त करने का निर्णय इसी सोच का परिणाम है। अब किसान बिना किसी दबाव के अपनी सुविधा अनुसार टोकन बुक कर सकेंगे। 2 एकड़ एवं 2 एकड़ से कम रकबा वाले किसानों के लिए टोकन की अतिरिक्त समय सीमा और अवधि का विस्तार किसानों को वास्तविक राहत देगा। राज्य सरकार किसान हित में हर संभव कदम उठाने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।